शुक्रवार 21 जुलाई 2023

# केशव टाइम्स

डिजिटल संस्करण

आपकी आवाज




सेक्स रैकेट का भंडाफोड़, आपत्तिजनक अवस्था में मिले पांच लोग, गिरफ्तार 3




विश्वामित्र हॉस्पीटल गोलम्बर बक्सर में डा.यूके सिंह व डा. आर के झा के टीम के द्वारा दूरबीन विधी से प्रोस्टेट, जीबी स्टोन, किडनी स्टोन, अपेंडिक्स , हर्निया, बच्चेदानी, बवासीर, पेट में गांठ या ट्यूमर, ब्रेस्ट ट्यूमर आदि का सफल ऑपरेशन होता है।

मंदाकिनी सलिल चंदन चर्चिताय नंदीश्वर प्रमथनाथ महेश्वराय। मंदारपुष्प बहुपुष्प सुपूजिताय तस्मे मकराय नमः शिवाय।।



सावन महीने के पावन अवसर पर सभी जिलेवासियों एवं शिवभक्तों व कांवरियों को हार्दिक शुभकामनाएं।

विश्वामित्र हॉस्पीटल

लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जन

विश्वामित्र हॉस्पीटल गोलम्बर,बक्सर

मोबाईल नम्बर - 9122950441



मन छोड़ व्यर्थ की चिंता तू शिव का नाम लिए जा शिव अपना काम करेंगे तू अपना काम किए जा।


## खबरें फटाफट

### कटिहार में नाव डूबी बचाए गए सभी लोग

**कटिहार।** कटिहार जिले के कदवा थाना क्षेत्र के धनगामा पंचायत स्थित लील जी धार में गुरुवार को एक नाव हादसे में कई लोग डूब गए। आनन फानन में मौके पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गयी। जिसके बाद स्थानीय लोगों की मदद से सभी लोगों को बाहर निकाल लिया गया। लेकिन एक बच्ची की स्थिति बहुत ही नाजुक बनी हुई है। जिसे इलाज के लिए कदवा पीएचसी में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि नाव में क्षमता से अधिक लोग सवार थे। जिसकी वजह से नदी में जाकर नाव अनियंत्रित हो गयी। जिससे कई लोग नदी में डूब गए।

### तेज प्रताप यादव की तबीयत बिगड़ी अस्पताल में भर्ती

**पटना।** आरजेडी सुप्रीमो लालू यादव के बड़े बेटे और बिहार के वन एवं पर्यावरण मंत्री तेज प्रताप यादव की तबीयत गुरुवार को अचानक से बिगड़ गई। सीने में तेज दर्द की शिकायत के बाद पटना के मैडीवरसल अस्पताल में उन्हें भर्ती किया गया है। उन्हें आईसीयू में रखा गया है। उनकी एक तस्वीर भी सामने आई है जिसमें डॉक्टर उनसे बातचीत करते दिखाई दे रहे हैं।

### बिहटा में सेक्स रैकेट का भंडाफोड़

**पटना।** राजधानी पटना से सटे बिहटा थाना इलाके के महादेव नगर कॉलोनी स्थित एक मकान में चल रहे सेक्स रैकेट का पुलिस ने भंडाफोड़ किया है। जहां पुलिस ने मौके से महिला संचालिका सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। जबकि दो महिलाओं को रेस्क्यू भी किया गया है। दोनों युवती भोजपुर की रहने वाली हैं। गिरफ्तार संचालिका रानी देवी भोजपुर जिला के बबुरा की रहनेवाली है और पिछले कई सालों से बिहटा के महादेव नगर में घर बना कर रहती है। वहीं पुलिस को घटना स्थल से कई आपत्तिजनक सामान भी मिला है।

**हिंसा से बिगड़े हालात:** दो महिलाओं को निर्वस्त्र कर सड़क पर घुमाने का वीडियो वायरल, एक आरोपी गिरफ्तार

# मणिपुर की शर्मनाक घटना पर देश भर में आक्रोश

- यह घृणित घटना चार मई को मणिपुर के कांगपोकपी में हुई थी, इसका वीडियो वायरल हुआ
- गिरफ्तार किया गया घटना का मुख्य आरोपी हुइरेम मेइती है
- संसद के मानसून सत्र में घटना को लेकर जोरदार हंगामा हुआ

**एजेंसी/इंफाल–नई दिल्ली**

हिंसा की आग में जल रहे मणिपुर से खौफनाक वीडियो सामने आया है। जिसमें पुरुषों का एक समूह दो महिलाओं को निर्वस्त्र कर सड़क पर घुमाते हुए और उनका यौन उत्पीड़न करते हुए दिखाई दे रहे है। इस घटना का वीडियो सामने आने के बाद देशभर में लोगों के अंदर आक्रोश है। इंफाल से लेकर दिल्ली की संसद तक इस मुद्दे की गूंज सुनाई दी। महिलाओं पर इस तरह की बर्बरता को लेकर लोगों में भारी नाराजगी है।

उधर पुलिस ने खून खौलाने वाली इस घटना के मुख्य अपराधी को अरेस्ट कर लिया है। आरोपी का नाम हुइरेम



हेरोदास मैतेई है जिसकी उम्र 32 साल है। यह शख्स वीडियो में हरी टी शर्ट पहने दिख रहा है जिसने एक महिला को दोनों हाथों से पकड़ा हुआ है। सरकारी सूत्रों ने बताया, मुख्य अपराधी जिसने हरे रंग की टी-शर्ट पहनी हुई थी और महिला को पकड़ रखा था उसे पहचान के बाद आज सुबह गिरफ्तार कर लिया गया है। वह पेची अवांग लीकाई का रहने वाला है। उसे थाउबल जिले से अरेस्ट किया गया है।



### महिला कांग्रेस का प्रदर्शन

मणिपुर में महिलाओं के साथ हुई वीभत्स घटना के खिलाफ गुरुवार को महिला कांग्रेस ने दिल्ली के जंतर-मंतर पर जमकर विरोध प्रदर्शन किया। आरोप लगाया कि मणिपुर में देश की बेटियों की अस्मत से खेला जा रहा है और प्रधानमंत्री मोदी आंखें मूंद कर बैठे हैं। इतिहास में मोदी सरकार को इस कायरता के लिए याद किया जाएगा। पीएम के विरोध में नारे लगाए।

### राष्ट्रपति शासन लगे : खड़गे

राज्यसभा में चर्चा की मांग करते हुए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि मणिपुर जल रहा है, महिलाओं के साथ बलात्कार हो रहे हैं, उन्हें निर्वस्त्र घुमाया जा रहा है और प्रधानमंत्री चुप बैठे हैं। हम मणिपुर पर विस्तृत चर्चा चाहते हैं और पीएम मोदी को सदन में इस पर बयान देना चाहिए। हम मणिपुर के मुख्यमंत्री के तत्काल इस्तीफे और राष्ट्रपति शासन लगाने की भी मांग करते हैं।

### राज्यों के सीएम से आग्रह है कि हमारी माताओं–बहनों की रक्षा के लिए कठोर से कठोर कदम उठाएं : पीएम मोदी



पीएम मोदी ने मानसून सत्र के शुरू होने से पहले कहा कि आज जब मैं आपके बीच आया हूं, लोकतंत्र के इस मंदिर के पास खड़ा हूं तब मेरा हृदय पीड़ा और क्रोध से भरा हुआ है। मणिपुर की जो घटना सामने आई है, वो किसी भी सभ्य समाज के लिए शर्मसार करने वाली घटना है। पाप करने वाले, गुनाह करने वाले कितने हैं, कौन हैं? वो अपनी जगह हैं, लेकिन बेइज्जती पूरे देश की हो रही है, 140 करोड़ देशवासियों को शर्मसार होना पड़ रहा है। मणिपुर की इन बेटियों के साथ जो हुआ है, इसको कभी माफ नहीं किया जा सकता। प्रधानमंत्री ने आगे कहा कि मैं राज्यों के मुख्यमंत्रियों से आग्रह करता हूं कि वे अपने राज्य में कानून–व्यवस्था को और मजबूत करें। खासकर हमारी माताओं–बहनों की रक्षा के लिए कठोर से कठोर कदम उठाएं। चाहे वह राजस्थान हो, छत्तीसगढ़ हो, मणिपुर हो या देश का कोई भी हिस्सा हो, कानून व्यवस्था बनाए रखना और महिलाओं का सम्मान करना किसी भी राजनीतिक बहस से ऊपर रखा जाना चाहिए। मैं देशवासियों को विश्वास दिलाता हूं कि किसी भी गुनाहगार को बख्शा नहीं जाएगा। कानून अपनी पूरी शक्ति से एक के बाद एक कदम उठाएगा।

### सरकार कार्रवाई नहीं करेगी तो हम करेंगे: सुप्रीम कोर्ट

सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले पर केंद्र सरकार से कार्रवाई करने को कहा। सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि दो महिलाओं को नग्न कर घुमाने का जो वीडियो सामने आया है वो वास्तव में परेशान करने वाला है। अगर सरकार कार्रवाई नहीं करेगी तो हम करेंगे। अब समय आ गया है सरकार वास्तव में कदम उठाए और कार्रवाई करे। संवैधानिक लोकतंत्र में यह बिल्कुल अस्वीकार्य है।

## रायगढ़ में भूस्खलन में 100 से ज्यादा लोग फंसे, 16 की मौत

- घटना की जानकारी मिलने के बाद मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे भी घटनास्थल पर पहुंचे
- भूस्खलन जिस जगह हुआ, वहां पहुंचने के लिए दो घंटे की करनी पड़ती है चढ़ाई

**एजेंसी/रायगढ़**

महाराष्ट्र के रायगढ़ में हुए भूस्खलन में 100 से ज्यादा लोगों के फंसे होने की आशंका है। वहीं घटना में अब तक 16 लोगों के शव निकाले गए हैं। हादसा रायगढ़ की खालापुर तहसील के इरशालवाड़ी गांव में हुआ। घटना की जानकारी मिलने के बाद मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे भी घटनास्थल पहुंचे। वहीं, केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने घटना पर सीएम से बात की और इस घटना पर निगरानी रख रहे हैं। रायगढ़ के जिलाधिकारी योगेश महासे ने बताया कि घटना मध्य रात्रि की है। एक टीम, जिसमें सब डिविजनल ऑफिसर और तहसीलदार शामिल हैं, घटनास्थल पर पहुंच चुकी है। जिलाधिकारी ने बताया कि भूस्खलन जिस जगह हुआ, वहां पहुंचने के लिए दो घंटे की चढ़ाई करनी पड़ती है, जिसकी वजह से राहत और बचाव कार्य चुनौतीपूर्ण है। घटना की सूचना मिलते ही मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने भी अधिकारियों को फोन कर घटना की जानकारी ली और गुरुवार सुबह वह घटनास्थल पहुंच गए। वहीं पनवेल और नवी मुंबई के सभी अस्पतालों को सूचित कर दिया गया है और उन्हें प्रभावितों को सभी जरूरी चिकित्सा सेवाएं मुहैया कराने के निर्देश दिए गए हैं।

## राहुल गांधी को सजा मिलेगी या राहत, आज आएगा फैसला

**एजेंसी/नई दिल्ली**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी को मोदी सरनेम विवाद में राहत मिलेगी या नहीं इसका फैसला 21 जुलाई को हो जाएगा। गुजरात उच्च न्यायालय ने सात जुलाई को कांग्रेस नेता राहुल गांधी की याचिका पर खारिज कर दी थी। इसी को लेकर राहुल ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया जिस अब 21 जुलाई को सुनवाई होगी। इसमें मोदी उपनाम संबंधी टिप्पणी से जुड़े मानहानि मामले में गांधी की दोषसिद्धि पर रोक लगाने का अनुरोध किया गया है।

गांधी की ओर से पेश हुए वरिष्ठ वकील अभिषेक सिंघवी ने याचिका को 21 जुलाई या 24 जुलाई को सूचीबद्ध किए जाने का अनुरोध किया जिसके बाद मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति पी एस नरसिम्हा एवं न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ याचिका पर सुनवाई के लिए सहमत हो गई।

गांधी ने 15 जुलाई को सुप्रीम कोर्ट में दायर अपनी याचिका में कहा है कि यदि सात जुलाई के आदेश पर रोक नहीं लगाई गई तो इससे स्वतंत्र भाषण, स्वतंत्र अभिव्यक्ति, स्वतंत्र विचार और स्वतंत्र वक्तव्य का दम घुट जाएगा। राहुल गांधी ने 13 अप्रैल, 2019 को कर्नाटक के कोलार में एक चुनावी रैली के दौरान टिप्पणी की थी कि सभी चोरों का समान उपनाम मोदी ही क्यों होता है? इस टिप्पणी को लेकर गुजरात सरकार के पूर्व मंत्री पूर्णेश मोदी ने गांधी के खिलाफ 2019 में आपराधिक मानहानि का मामला दर्ज कराया था।


हर-हर महादेव, हर-हर महादेव, हर-हर महादेव

सावन के पावन महीने के अवसर पर सभी बिहारवासियों, बक्सर जिलेवासियों, शिवभक्तों व कांवरियों को शुभकामनाएं।



किस्मत लिखने वाले को भगवान कहते हैं और बदलने वाले को भोलेनाथ कहते हैं।



धीरज ओझा

युवा सामाजिक कार्यकर्ता

बक्सर


राजद कोटे से रिक्त हुए दो पदों पर राजद के ही नए मंत्री को ले सकते हैं शपथ

# बिहार सरकार में नए मंत्रियों को शामिल करने की तैयारी

**केटी न्यूज/पटना**

बिहार सरकार में नए मंत्रियों को शामिल किया जा सकता है। इसके लिए बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने सहयोगी दलों से वार्ता भी शुरू कर दी और इसमें नामों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। सूत्रों के अनुसार नीतीश कुमार इसी सिलसिले में राजगीर से लौटने के तुरंत बाद राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद से मिलने के लिए पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी के आवास पर गए थे। उनकी मुलाकात के दौरान उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव भी मौजूद थे।

मौजूदा समय में राज्य मंत्रिमंडल में कुल मिलाकर पांच सीटें खाली हैं। मुख्यमंत्री जल्द ही अपने मंत्रिमंडल का विस्तार कर सकते हैं,



क्योंकि सहयोगी कांग्रेस कई महीनों से अपनी पार्टी के दो और विधायकों को मंत्रिमंडल में शामिल करने के लिए दबाव बना रही है। वहीं राजद के कोटे से अगस्त 2022 में मंत्री बनाए गए कार्तिक सिंह उर्फ मास्टर और सुधाकर सिंह को अलग अलग कारणों से इस्तीफा देना पड़ा था। राजद कोटे से रिक्त हुए इन दोनों रिक्तियों पर राजद के नए मंत्री को शपथ दिलाई जाएगी।

दरअसल, 23 जून को पटना में विपक्षी दलों की पहली बैठक के दौरान, कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने नीतीश से राज्य मंत्रिमंडल में अपनी पार्टी के अधिक विधायकों को शामिल करने के लिए कहा था। सूत्रों ने कहा कि कांग्रेस नेतृत्व ने मंगलवार को बेंगलुरु में दूसरे विपक्षी सम्मेलन में अपनी हालिया बैठक के दौरान नीतीश को कैबिनेट विस्तार के बारे में याद दिलाया होगा। वहीं राजद भी चाहता है कि जल्द से जल्द मंत्रियों को शपथ दिलाई जाए। ऐसे में दो मंत्री कांग्रेस से और दो राजद से मंत्री पद की शपथ ले सकते हैं। ऐसे में अब नीतीश कुमार की लालू और तेजस्वी से हुई मुलाकात में राजद कोटे से मंत्रियों के नाम को फाइनल किए जाने की चर्चा है। सूत्रों के अनुसार इसमें राजद कोटे से जातीय समीकरणों का ख्याल रखा जाएगा। फिलहाल जिन दो चेहरों को मंत्री बनाया जाएगा उसमें एक भूमिहार और एक राजपूत जाति से हो सकते हैं। पिछली बार इस्तीफा देना वाले कार्तिक और सुधाकर इन्हीं दो जातियों से थे। नीतीश-लालू की मुलाकात में इन दोनों जातियों से आने वाले नामों पर चर्चा होने की खबर है। इसमें कई नामों पर विमर्श हुआ है लेकिन नीतीश चाहते हैं कि जिसे भी राजद कोटे से मंत्री बनाया जाए वह दागदार ना हो।

## खबरें फटाफट

### चोरी की बोलेरो के साथ दो चोर गिरफ्तार

**जहानाबाद।** बोलेरो व अन्य गाड़ियों की चोरी कर उसे बेचने वाले एक गिरोह के दो बदमाशों को काको थाने की पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इनके पास से चोरी की एक बोलेरो भी बरामद की गई है। गिरफ्तार बदमाशों की पहचान बरबट्टा गांव निवासी बिक्की कुमार एवं सुखदेव बिगहा गांव निवासी अंकित कुमार के रूप में की गई है। मामले में थानाध्यक्ष अजित कुमार ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि बीते 10 तारीख को हिशुआ थाना क्षेत्र से एक बोलेरो गाड़ी चुराकर गांव में लाई गई है। जिसका नंबर प्लेट बदलकर ये बदमाश उसका इस्तेमाल कर रहे हैं। साथ ही उस वाहन को गिरोह के किसी अन्य सदस्य को बेचने जा रहे हैं। सूचना पर पुलिस ने नोन्ही मोड़ के समीप वाहन जांच प्रारंभ किया। जहां से ये दोनों लड़के बोलरो के साथ धर दबोचे गये। गिरोह में शामिल अन्य सदस्यों की धर पकड़ के लिए प्रयास किया जा रहा है। दो दिन पूर्व भी काको थाना की पुलिस ने चोरी की तीन बाइक के साथ दो चोरों को भी गिरफ्तार किया है।

### कार से 140 लीटर देसी शराब बरामद

जहानाबाद। काको थाने की पुलिस ने हाजीपुर दमुहा मोड़ के समीप से एक मारुति 800 कार से 140 लीटर देसी शराब बरामद किया है। थानाध्यक्ष अजित कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली कि एक बाहन से भारी मात्रा में शराब क्षेत्र में लाया जा रहा है सूचना पर हाजीपुर के पास दमुहा मोड़ पर वाहन जांच अभियान चलाया गया आने जाने गाड़ियों की सघन तलाशी शुरू की गई। जहां हाजीपुर गांव के समीप दमुहां मोड़ के समीप एक मारुति सवार पुलिस को देख अपनी गाड़ी छोड़कर फरार हों गया जब पुलिस ने गाड़ी की तलाशी ली तो उसमें बोरे में बांधकर रखे 140 लीटर देशी शराब बरामद हुआ। वहीं पुलिस गाड़ी को जब्त कर थाने लाई है तथा उसके नंबर के आधार पर बाहन मालिक की तलाश कर रही है।

### रास्ते में टूटकर गिरे धारा प्रवाहित तार की चपेट में आने से गयी जान

# धान के बिचड़ा उखाड़ कर घर लौट रहे युवक की करंट की चपेट में आने से मौत

**केटी न्यूज/आरा**



जिले के उदवंतनगर थाना क्षेत्र के कसाप गांव में गुरुवार की अहले सुबह करंट की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गयी। मृत युवक कसाप गांव निवासी कौशल कुमार उर्फ बुटन प्रसाद का बेटा राकेश कुमार (22 वर्षीय) बताया जा रहा है। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि गुरुवार की सुबह कौशल कुमार के खेतों में धान की रोपनी का काम शुरू होने वाला था। जिसके लिए उनका बेटा गांव में ही धान बिचड़ा उखाड़ने गया था।

काम समाप्त होने के बाद वापस घर लौट रहे थे। तभी वह रास्ते में टूटकर गिरे बिजली के करंट प्रवाहित तार की चपेट में आ गए। जिससे वह बुरी तरह झुलस गए। उसके बाद रास्ते से गुजर रहे ग्रामीणों ने परिजनों को घटना की सूचना दी। तब परिजन घटनास्थल पहुंचे और उन्हें इलाज के लिए आनन-फानन में इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल ले जाया गया। वहां डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उसके बाद परिजन बिना पोस्टमार्टम कराए ही शव लेकर गांव ले गए।

■ इलाज के लिए सदर अस्पताल लाने के दौरान तोड़ा दम



**एक माह पहले हुई थी राकेश की शादी :** चचेरे भाई अमित कुमार ने बताया कि राकेश कुमार की मौत से उसके घर में कोहराम मच गया। उसकी पिछले माह ही शादी हुई थी। सबसे बुरा हाल उसकी नई-नवेली पत्नी नीतू की है। हाथों से मेहंदी और पैरों से महावर का रंग छुटने से पहले उसका सुहाग उजड़ गया। शादी के एक माह बाद ही वह विधवा हो गयी। बताया जा रहा है कि राकेश की शादी गत 16 जून को हुई थी। वह अपने दो भाई और एक बहन में बड़ा था। उसके परिवार में मां विमला देवी पत्नी नीतू देवी, भाई रोहन कुमार और एक बहन बबीता कुमारी है। राकेश की मौत की खबर मिलते ही उसकी पत्नी और मां दहाड़ मार कर रोने लगीं। उनकी चीत्कार से घर एवं आसपास का माहौल गमगीन हो उठा।

### पानी लेकर जा रहा टैंकर पलटा, मजदूर की मौत



**आरा।** जिले के कोईलवर थाना क्षेत्र के बड़का चंदा गांव में गुरुवार की सुबह पानी का एक टैंकर अनियंत्रित होकर पानी का टैंकर पलट गया। उसमें पानी टैंकर पर बैठा मजदूर दब गया, जिसकी इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल ले जाने के दौरान मौत हो गयी। मृतक बड़का चंदा गांव निवासी स्व. रामानंद राम का बेटा परमहंस राम था। मृतक के भतीजे किशन कुमार राम ने बताया कि गांव में टावर लगाने का काम चल रहा था। उसके चाचा उसमें लेबर का काम कर रहे थे। गुरुवार की सुबह वह पानी का टैंकर लेकर पानी लेने गए थे। वह पानी लेने के बाद टैंकर पर बैठ कर टावर लौट रहे थे। तभी अचानक टैंकर अनियंत्रित होकर पलट गया। उससे वह टैंकर के नीचे ही दब गए और बुरी तरह घायल हो गए। उसके बाद उन्हें इलाज के लिए आनन-फानन में सदर अस्पताल लाया गया। वहां डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उसके बाद परिजन शव लेकर चले गए।

## भोजपुर से अगवा युवक आठ दिनों बाद उत्तर प्रदेश के कानपुर से हुआ बरामद

**आरा।** जिले के खवासपुर इलाके से अगवा युवक को पुलिस द्वारा आठ दिन बाद यूपी से बरामद कर लिया है। तकनीकी जांच के माध्यम से पुलिस ने उसे कानपुर के अकबरपुर इलाके से बरामद किया। युवक खवासपुर ओपी क्षेत्र के बैजू टोला निवासी विजेंद्र राम का बेटा मुन्ना राम बताया जा रहा है। जिसे पिछली 11 जुलाई को अगवा किया गया था। अपहरण करने का आरोप छपरा और बलिया के चार लोगों पर लगाया गया है। पुलिस आरोपितों की गिरफ्तारी को टीम गठित कर छापेमारी कर रही है।

एसपी प्रमोद कुमार यादव ने मुन्ना राम की बरामदगी को लेकर बताया कि 17 जुलाई को खवासपुर ओपी क्षेत्र के बैजू टोला गांव निवासी ज्योति प्रकाश भारती की ओर छपरा और बलिया के चार लोगों पर अपने भाई मुन्ना राम को अगवा किये जाने की शिकायत दर्ज करायी गयी थी। उस आधार पर प्राथमिकी दर्ज करते हुए अगवा युवक की बरामदगी और आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए एएसपी चंद्रप्रकाश के नेतृत्व में टीम गठित की गयी। वैज्ञानिक अनुसंधान और तकनीकी जांच के जरिए छानबीन में जुटी पुलिस को अगवा मुन्ना राम के उत्तर प्रदेश के कानपुर के अकबरपुर थाना क्षेत्र में होने की सूचना मिली। उस आधार पर टीम द्वारा छापामारी कर मुन्ना राम को बरामद कर लिया गया। हालांकि आरोपित पकड़ में नहीं आ सके। आरोपितों की धरपकड़ को टीम लगातार छापेमारी कर रही है।

## आरा जाने के लिए घर से निकले युवक की संदिग्ध स्थिति में मौत, पोस्टमार्टम के बाद होगा खुलासा

**केटी न्यूज/आरा**

जिले बड़हरा थाना क्षेत्र के नथमलपुर गांव की महादलित टोली के पास गुरुवार की सुबह एक युवक की संदिग्ध स्थिति में मौत हो गयी। मृतक सिन्हा ओपी क्षेत्र के फरहदा गांव निवासी द्वारिका चौरसिया का 32 वर्षीय पुत्र प्रवीण चौरसिया था। वह सुबह करीब छह बजे से आरा जाने की बात कह घर से निकला था। हालांकि, अब तक मौत के कारणों का खुलासा नहीं हो सका है। वहीं, परिजन खाली पेट अत्यधिक शराब पीने से मौत होने की आशंका जता रहे हैं। घटनास्थल से शराब का खाली पाउच और पानी का बोतल मिलने



की बात कही जा रही है। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पोस्टमार्टम कराया गया। पुलिस मौत के कारणों की छानबीन में जुट गयी है।

मृतक के चचेरे भाई कमलेश चौरसिया ने बताया कि प्रवीण गुरुवार की सुबह करीब छह बजे घर से निकले थे। कुछ देर बाद आम बेचने वाले एक युवक के जरिए पता चला कि वह नथमलपुर गांव स्थित डोम टोली में मृत अवस्था में पड़ा है। सूचना मिलने पर वह परिजनों के घटनास्थल पर पहुंचे। उसके बाद थाने को सूचना को दी गयी। वहीं, कमलेश चौरसिया ने नथमलपुर डोम टोली में शराब की बिक्री होने की शिकायत की है। एसपी प्रमोद कुमार यादव ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया गया। कुछ लोगों का आरोप है कि युवक ड्रिंक करता था। पूछताछ में पता चला है कि युवक अधिकतर पटना ही रहता था। उसकी मेडिकल हिस्ट्री है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारण स्पष्ट होंगे।

## एक नजर

### जिला जज ने बाल सुधार गृह का किया निरीक्षण

**जहानाबाद।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देश के आलोक में जहानाबाद के जिला एवं सत्र न्यायाधीश डॉ राकेश कुमार सिंह ने आज बाल सुधार गृह का निरीक्षण किया। वहां रह रहे बाल कैदियों से उसके रहन-सहन खाने-पीने स्वास्थ्य संबंधित बातों पर चर्चा किया। साथ ही उन्होंने बच्चों से आग्रह किया कि आप देश के भविष्य हैं इसलिए आगे से किसी प्रकार की गलती ना करें । देश का अच्छा नागरिक बने । अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह सचिव जिला सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार राजेश पांडेय ने कहा कि जिला जज द्वारा बाल सुधार गृह के सभी पदाधिकारियों के साथ बैठक करके निदेश दिया कि बच्चों के प्रति संवेदना रखे। सुधार गृह में अच्छे साहित्य पढ़ने के लिए उपलब्ध कराए यह आपका दायित्व है। आपलोग का दायित्व है कि सुधार गृह में ज्यादा से ज्यादा उसे अपनापन मिले। ताकि भविष्य में देश का एक अच्छा नागरिक बन सके। साथ ही कुछ आवश्यक निर्देश भी वहां के पदाधिकारी को जिला जज ने दिया।




### अतिक्रमण वादों के मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित करें : डीएम

**जहानाबाद।** जिलाधिकारी रिची पाण्डेय की अध्यक्षता में अंचल अधिकारियों के साथ राजस्व कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में ऑनलाईन मुटेशन, लगान वसूली, परिमार्जन, सीडब्लूजेसी, अभियान बसेरा, दखल-देहानी, अतिक्रमण, अनुमंडल लोक शिकायत निवारण कार्यालय से प्राप्त अंचलवार अतिक्रमण की सूची, अधिकार अभिलेख, भू अर्जन, संस्थान निर्माण हेतु भूमि उपलब्धता, आरटीपीएस, सम्परिवर्तन, जिला जनता दरबार से संबंधित प्रतिवेदन पर विस्तार से समीक्षा किया गया। जिलाधिकारी ने लोक शिकायत निवारण कार्यालय में दायर अतिक्रमण वादों को प्राथमिकता पर रखते हुए अतिक्रमण हटाने संबंधित टाइमलाइन बनाने तदनुसार अतिक्रमण हटाने हेतु आवश्यक कार्रवाई करने एवं अतिक्रमण मुक्त कराने के पश्चात यथासमय अनुपालन प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। बैठक में सभी अंचल अधिकारियों को निदेशित किया गया कि लोक भूमि अतिक्रमण के मामलों विशेष कर माननीय मुख्यमंत्री जनता दरबार, जिला जनता दरबार एवं लोक शिकायत निवारण में आने वाले परिवादों को प्राथमिकता पर रखें। टाइटल सूट के मामलों का अनुश्रवण करने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने मुख्यमंत्री जनता दरबार में प्राप्त परिवादों का अनुपालन प्रतिवेदन यथाशीघ्र उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने रोक सूची की समीक्षा करने का निर्देश दिया गया। साथ ही, अपर समाहर्ता को अवैध व संदिग्ध जमाबंदी का मौजावार सर्वेक्षण कराने तथा जमाबंदी रद्दीकरण में प्रगति लाने का निर्देश दिया गया।सभी अंचल अधिकारियों को सीडब्ल्यूजेसी एवं एमजेसी के मामलों की अद्यतन स्थिति प्रस्तुत करने तथा ससमय प्रतिशपथ दायर करने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी द्वारा 1 अप्रैल से लेकर 30 जून तक लगभग 1749500 रुपए की भू लगान वसूली पर असंतोष व्यक्त किया गया। अपर समाहर्ता को निर्देश दिया गया कि बकाया भू लगान वसूली पर प्रतिदिन अनुश्रवण करेंगे एवं अंचल अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि संबंधित बकायेदारों को बकाया भू लगान वसूली हेतु नोटिस निर्गत करेंगे तथा बड़े बकायेदारों के विरुद्ध नीलाम पत्र वाद दायर करेंगे।





## खबरें फटाफट

### पेट्रोल पंप मैनेजर की हत्या कर लूट की घटना का आरोपी गिरफ्तार

**डुमरांव।** नया भोजपुर ओपी पुलिस ने दो साल पहले प्रताप सागर के मेथोडिस्ट अस्पताल परिसर स्थित बैंक के मुख्य गेट के पास स्थानीय पेट्रोल पंप के मैनेजर को गोली मार हत्या करने तथा उसके रूपयों से भरा बैग लूटने वाले एक अपराधी को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार अपराधी राहुल सिंह पर इस हत्या व लूट कांड के मुख्य आरोपी को सहयोग करने का आरोप था। वह मुलरूप से भोजपुर जिले के तरारी थाना क्षेत्र के हरदिया गांव का रहने वाला है। नया भोजपुर ओपी पुलिस ने गुप्त सूचना तथा तकनीकी साधानों के सहारे उसे हरदिया गांव स्थित पैतृक घर से गिरफ्तार किया था। बता दें कि दो वर्ष पहले अपराधियों ने पेट्रोल पंप प्रबंधक की हत्या उस वक्त कर दी थी जब वह पंप से अस्पताल परिसर स्थित बैंक में रूपया जमा करने जा रहे थे। इस मामले में पुलिस ने अन्य आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। जबकि राहुल फरार चल रहा था। एसडीपीओ अफाक अख्तर अंसारी ने उसके गिरफ्तारी की पुष्टि की है।

### दुर्घटनाग्रस्त हुआ बाइक सवार, हालत गंभीर

**कोरानसराय।** कोरानसराय बगेन मार्ग पर स्थित मसहिंयां गांव के पास गुरूवार की दोपहर एक बाइक सवार दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस दुर्घटना में उसे गंभीर चोटें आई थी। राहगीरों द्वारा उसे तत्काल चौगाई पीएचसी पहुंचाया गया। जहां प्राथमिक इलाज के बाद उसे सदर अस्पताल बक्सर रेफर कर दिया गया है। घायल की पहचान मुरार थाना क्षेत्र के ओझाबरांव गांव निवासी हरिनारायण पासवान के 30 वर्षीय पुत्र सत्येन्द्र बागी के रूप में हुई है। हालांकि दुर्घटना के कारणों का पता नहीं चल सका है। फिलहाल सदर अस्पताल के गहन चिकित्सा कक्ष में उसका इलाज चल रहा है। मुरार थानाध्यक्ष रविकांत प्रसाद ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि दुर्घटना के कारणों का पता नहीं चल सका है।

### बक्सर के पौराणिक स्थलों का हुआ जिओ मैपिंग सर्वे

**बक्सर।** बक्सर के पौराणिक स्थलों को विश्व के पर्यटन की दृष्टिकोण से भव्य स्वरूप दिलाने के लिए प्रयास की कड़ी में जियो मैपिंग सर्वे किया गया है। हाल ही में पौराणिक मंदिरों को भव्य एवं दिव्य स्वरूप देने वाले विशेषज्ञों ने रामेश्वर नाथ मंदिर, वामनेश्वर मंदिर, लाइट एंड साउंड रामरेखा घाट, पंचकोशी सहित भगवान श्रीराम से जुड़े प्रमुख स्थलों का भ्रमण किया था। उनके रिपोर्ट के बाद ड्रोन के माध्यम से जिओ मैपिंग सर्वे कराया गया है।

## सिमरी के बकुलहा पट्टी के एक घर में संचालित हो रहा था अवैध धंधा

# सेक्स रैकेट का भंडाफोड़ : आपत्तिजनक अवस्था में मिले पांच लोग, गिरफ्तार

- पुलिस ने दो अलग-अलग कमरों से एक महिला, एक किशोरी, तीन युवकों समेत संचालक को किया गिरफ्तार

**केटी न्यूज/सिमरी**

सिमरी थाना क्षेत्र के स्थानीय बकुलहापट्टी गांव स्थित एक घर में छापेमारी कर पुलिस ने सेक्स रैकेट का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने इस दौरान घर के दो अलग-अलग कमरों से एक महिला, एक किशोरी तथा तीन युवकों को आपत्तिजनक अवस्था में पकड़ने के साथ ही गृह स्वामी राजेन्द्र पांडेय को गिरफ्तार कर लिया है। छापेमारी की कार्रवाई डुमरांव एसडीपीओ अफाक अख्तर अंसारी के नेतृत्व में हुई थी। बता दें कि पांच महीना पहले गृह स्वामी के लॉज में भी पुलिस ने छापेमारी कर सेक्स रैकेट का भंडाफोड़ किया था। तब पुलिस ने संचालक को जेल भी भेजा था। लेकिन जेल से छूटने के बाद वह फिर से अपने घर में सेक्स रैकेट संचालित करने लगा।



मिली जानकारी के अनुसार बकुलहा पट्टी के एक घर में सेक्स रैकेट संचालित होने की जानकारी मिलते ही डुमरांव एसडीपीओ अफाक अख्तर अंसारी ने एक टीम गठित कर छापेमारी करवाया। छापेमारी के दौरान घर के एक कमरे में एक महिला तथा एक पुरूष जबकि दूसरे कमरे में एक किशोरी व दो युवक आपत्ति जनक अवस्था में मिले। वहीं कमरों से कंडोम सहित कई अन्य आपत्ति जनक सामान मिले हैं। जिसके बाद पुलिस ने दोनों कमरों को सील कर दिया है। इसके बाद पुलिस ने संचालक राजेन्द्र पांडेय समेत सभी को गिरफ्तार कर लिया।

**मार्च में पहली बार हुई थी छापेमारी:** बता दें कि इसके पहले तत्कालीन एसडीपीओ राज के नेतृत्व में 17 मार्च 2023 को गृह स्वामी राजेन्द्र पांडये के सिमरी बलिहार पथ स्थित राजेन्द्र मैरेज हॉल में छापेमारी कर एक प्रेमी जोड़े को पकड़ा गया था। तब पुलिस ने संचालक को भी गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था तथा उसके लॉज को सील कर दिया था। लेकिन जेल से छूटने के बाद वह फिर से अपने घर में सेक्स रैकेट संचालित करने लगा था।

**ग्रामीणों में गहराया आक्रोश:** सिमरी बकुलहा पट्टी में दूसरी बार सेक्स रैकेट के भंडाफोड़ होने से ग्रामीणों का आक्रोश गहरा गया है। ग्रामीणों की मानें तो गृह स्वामी की इस गंदी हरकत से पूरे गांव को शर्मसार होना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने आरोपियों पर सख्त कार्रवाई करने तथा उसके घर को भी स्थायी रूप से सील करने की मांग किया है।

**क्या कहते हैं एसडीपीओ:** राजेन्द्र पांडेय के घर में गुप्त सूचना पर छापेमारी कर सेक्स रैकेट का भंडाफोड़ किया गया है। गृहस्वामी को गिरफ्तार कर पूछताछ की जा रही है। इसके पहले भी सेक्स रैकेट संचालित होने के आरोप में उसे जेल भेजा गया था।

**– अफाक अख्तर अंसारी, एसडीपीओ, डुमरांव**

## सिमरी में जमीन विवाद में मारपीट, आधा दर्जन जख्मी

**केटी न्यूज/सिमरी**

सिमरी थाना क्षेत्र के स्थानीय रामोपट्टी गांव के बधार में जमीन विवाद में दो पक्षों के बीच जमकर लाठियां चटकी। जिसमें एक पक्ष के आधा दर्जन लोग जख्मी हो गए है। जख्मियों में तीन की हालत गंभीर है। जिन्हें स्थानीय सीएचसी में प्राथमिक इलाज के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। घटना गुरुवार सुबह की है। मामला खेत जोतने को लेकर उत्पन्न विवाद से हुआ। घटना की पुष्टि करते हुए पुलिस ने बताया कि घटना को लेकर घायल पक्ष की ओर से थाने में नामजद शिकायत दी गई है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। इधर जख्मी दीपक पाण्डेय ने बताया कि घटना के समय वह ट्रैक्टर से खेत की जुताई कर रहे थे। इसी बीच दूसरे पक्ष के जितेन्द्र चौधरी अचानक अपने दल-बल के साथ वहां पर पहुंचे और अचानक उनलोगों ने लाठी डंडे से हमलोगों की पिटाई शुरू कर दी। इस घटना में सुरेश्वर पाण्डेय, अखिलेश पाण्डेय, दीपक पाण्डेय, ओमजी पाण्डेय व दीनानाथ पाण्डेय को गंभीर चोटें आई है। वहीं जब शोर सुनकर आस पड़ोस के लोग मौके पर पहुंचे तो नामजद धमकी देते हुए वहां से फरार हो गए। वहीं पुलिस ने बताया कि फिलहाल घटना को लेकर एक पक्ष की ओर से लिखित शिकायत प्राप्त हुई है, जिसकी पुलिस जांच कर रही है। इस घटना को ले गांव में गुटीय तनाव व्याप्त है।

## रामपुर गांव में सेल्स गर्ल से युवक ने किया दुष्कर्म, लोकलाज से जहर खाकर दे दी जान

- मच्छर मारनेवाली मशीन बेचने आई युवती के साथ हुई घटना
- घटना के वक्त युवक घर में अकेले था, परिवार के अन्य सदस्य पटना गए हुए थे

**केटी न्यूज/राजपुर**

राजपुर थाना क्षेत्र के रामपुर गांव में बुधवार की शाम एक 40 वर्षीय युवक ने मच्छड़ मारने वाली मशीन बेचने आई युवती को धोखे से घर में बंधक बना उसके साथ दुष्कर्म किया। हालांकि युवती के शोर मचाने तथा डायल 112 पर फोन को पुलिस को आपबीती सुनाने के बाद पुलिस व स्थानीय लोग दोनों सक्रिय हो गए। युवती जैसे ही उसके चंगुल से छूट बाहर आई कि वहां पहले से मौजूद ग्रामीणों ने बाहर से उसके घर का दरवाजा बंद कर दिया।

इधर, आरोपी त्रिलोकी सिंह का 40 वर्षीय पुत्र प्रभात उर्फ सिब्बू भी अंदर से दरवाजा बंद कर लिया था। थोड़ी देर बाद जब पुलिस आई और आरोपी का दरवाजा खुलवाने लगी तो वह दरवाजा नहीं खोल रहा है। इसी दौरान संभवतः वह आत्मग्लानि की वजह से घर में रखे सल्फास की गोलियों को खा लिया था। करीब घंटे भर बाद पुलिस जैसे तैसे कर दरवाजा खोल घर के अंदर पहुंची तो आरोपी निढाल पड़ा था। पुलिस पीड़ित युवती के साथ ही आरोपी को भी कस्टडी में लेकर अस्पताल पहुंची, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वैसे बताया जाता है कि उक्त युवक की ग्रामीणों ने धुनाई भी की थी। वही पीड़िता के बयान पर एफआईआर दर्ज कर पुलिस उसका मेडिकल टेस्ट करवाई।

सबसे बड़ा सवाल है कि क्या आरोपी की मौत नशीला पदार्थ की वजह से हुई है या फिर ग्रामीणों की पिटाई से उसे गंभीर चोटें लगी है। जानकारी के अनुसार घटना के वक्त पीड़ित घर में अकेले था, जबकि परिवार के अन्य सदस्य पटना गए हुए थे। इसी दौरान उक्त युवती मच्छर मारने वाली मशीन बेचने गांव में आई। आरोपी ने मशीन खरीदने का लालच दे उसे झांसे में ले अपने घर में गया तथा दरवाजा बंद कर उसके साथ दुष्कर्म कर दिया।

## आशा कार्यकर्ता की हड़ताल आठवें दिन भी जारी, स्वास्थ्य व्यवस्था पर पड़ रहा असर

**केटी न्यूज/डुमरांव**

आशा कार्यकताओं तथा फैसिलिटेटरों का अनिश्चितकालीन हड़ताल आठवे दिन भी जारी रहा। गुरूवार को प्रखंड मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन कर रही आशा कार्यकताओं व फैसिलिटेटरों ने अपनी मांगो को जोरदार तरीके से उठाया तथा कहा कि मांगे पूरी नहीं होने तक उनका विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा। इधर आशा कार्यकताओं के हड़ताल पर चले जाने से स्वास्थ्य सुविधाएं बुरी तरह से प्रभावित हुई हैं। नियमित टीकाकरण, प्रसव तथा परिवार नियोजन जैसे काम बाधित हो रहे हैं। सबसे अधिक परेशानी ग्रामीण क्षेत्र की प्रसूताओं को हो रहा है। उन्हें अस्पताल ले जाने तथा जरूरी सलाह व सहयोग देने वाला कोई नहीं बचा है।

बता दें कि बिहार राज्य आशा एवं आशा फैसिलिटेटर संघ के आह्वान पर आशा व फैसिलिटेटर 13 जुलाई से ही अनिश्तकालीन हड़ताल पर चली गई है। उनकी मुख्य मांगों में मानदेय को एक हजार से बढ़ाकर 10 हजार रूपए करने, राज्य कर्मी का दर्जा देने तथा वर्ष 2019 में हुए समझौते के आधार पर पूर्व में आशा कार्यकताओं पर हुए मुकदमें को वापस लेने आदि मांगे शामिल है। गुरूवार को आयोजित प्रदर्शन की अध्यक्षता प्रखंड संयोजक



मुनैना देवी ने किया। इस दौरान विशेष रूप से संघ के जिला संयोजक सह राज्य उपाध्यक्ष अरूण कुमार ओझा मौजूद थे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि आशा व फैसिलिटेटर स्वास्थ्य सेवाओं की रीढ़ है। सरकार द्वारा संचालित नियमित टीकाकरण, प्रसव तथा परिवार नियोजन को सफल बनाने में इनकी महत्वपूर्ण भूमिका है। बावजूद राज्य सरकार इनके साथ सौतेला व्यवहार कर रही है। धरना प्रदर्शन में शीला देवी, सरिता देवी, रीना देवी, आशा देवी, सविता देवी, सावित्री देवी, मांती देवी, उर्मिला देवी, जोन्हिया देवी, पम्मी देवी, हेवंती देवी, अंजू देवी, गीता देवी, मंजू देवी, बबीता देवी समेत दर्जनों आशा कार्यकर्ता व फैसिलिटेटर मौजूद थी।

## सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों पर आज मनाया जाएगा परिवार नियोजन दिवस

# परिवार नियोजन के साधनों के प्रति बढ़ी जागरुकता

**केटी न्यूज/बक्सर**

जिले में 11 से 30 जुलाई तक जनसंख्या स्थिरता पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत शहरी व ग्रामीण इलाकों के लोगों को परिवार नियोजन के प्रति जागरूक किया जा रहा। हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर (एचडब्ल्यूसी) स्तर पर लोगों के बीच नियोजन के अस्थायी साधानों के वितरण के साथ स्थायी साधनों के प्रति भी जागरूक किया जा रहा है। हालांकि, पूर्व की अपेक्षा ग्रामीण स्तरों के लोगों के बीच अस्थायी साधनों के प्रयोग को लेकर रूझान बढ़ा है। वहीं, राज्य सरकार के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा हर माह की भांति 21 जुलाई को सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों पर परिवार नियोजन दिवस मनाया जाएगा। जिसके तहत स्वास्थ्य संस्थानों पर आईयूसीडी एवं अंतरा कैंप के आयोजन के साथ कंडोम बॉक्स व डिस्प्ले ट्रे भी लगाए जाएंगे। जिसमें पुरुषों के लिए कंडोम के अलावा महिलाओं के लिए सभी प्रकार के गर्भनिरोधक



उपलब्ध कराए जाते हैं। ताकि, लोग परिवार नियोजन के इन अस्थायी साधनों का अधिक से अधिक उपयोग करें।

**अस्थायी साधनों के लिए स्वास्थ्य संस्थानों में आ रहे हैं लोग:** सदर प्रखंड के सामुदायिक उत्प्रेरक प्रिंस कुमार सिंह ने बताया, परिवार नियोजन दिवस के माध्यम से शहरी के साथ-साथ ग्रामीण इलाकों में लोगों को परिवार नियोजन के अस्थायी साधनों के प्रयोग के लिए प्रेरित किया जाता है। इस क्रम में हाल के दिनों में देखा जा रहा है कि ग्रामीण इलाकों के लाभुकों में अस्थायी साधनों के प्रति जागरूकता बढ़ी है। परिवार नियोजन दिवस के अवसर पर परिवार नियोजन के अस्थायी साधनों के लिए लाभुक स्वास्थ्य संस्थानों में आ रहे हैं। पहले लोग शर्म व लज्जा के कारण परिवार नियोजन के अस्थायी साधनों का उपयोग नहीं करते थे, लेकिन अब लोगों में इनका रूझान बढ़ा है।

**योग्य लाभुकों की काउंसिलिंग जरूरी:** जिला सामुदायिक उत्प्रेरक हिमांशु सिंह ने बताया, आम लोगों को छोटे परिवार के फायदे व परिवार नियोजन संबंधी उपलब्ध विकल्पों के प्रति जागरूक किया जाना जरूरी है। जो बढ़ती जनसंख्या पर प्रभावी नियंत्रण के साथ-साथ परिवार व समाज की खुशहाली के लिहाज से जरूरी है। जिले में परिवार नियोजन संबंधी उपलब्ध संस्थानों के महत्व से अवगत कराते हुए लोगों को इसे अपनाने के लिये प्रेरित किया जाता है। इसके लिये काउंसिलिंग भी की जा रही है। जिसके माध्यम से परिवार नियोजन के स्थायी

## एक नजर

### सिमरी प्रखंड से हुई विद्यालय पौधरोपण अभियान कार्यक्रम की शुरुआत



**सिमरी।** जिला गंगा समिति व वन प्रक्षेत्र बक्सर के संयुक्त तत्वावधान में विद्यालय पौधरोपण कार्यक्रम अभियान की शुरूआत गुरूवार को सिमरी प्रखंड से की गई। इस अभियान के तहत अधिकतर विद्यालयों में पौधरोपण करवाना है। पहले दिन सिमरी प्रखंड के 29 स्कूलों के प्राचार्य व शिक्षकों को गुरुवार को पौधा वितरित किया गया। सभी प्राचार्य तथा शिक्षक प्राप्त पौधों को अपने विद्यालयों में रोपण करेंगे। इस अभियान की शुरूआत में जिला कार्यक्रम पदाधिकारी सर्व शिक्षा अभियान, जिला परियोजना अधिकारी एवं वनों के क्षेत्र पदाधिकारी ने विद्यालय से आए हुए प्रतिनिधियों को पौधा वितरित किया। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों द्वारा सभी लोगों से पौधे लगाने के साथ पौधे बचाने का आग्रह किया गया और उन्हें प्लास्टिक से होने वाले नुकसान, गंगा स्वच्छता अभियान में लोगों की सहभागिता व पर्यावरण सुरक्षा हेतु अन्य सभी प्रकार की बात बताई गई। इस अवसर पर नीतीश कुमार, महिमा राम कुमार, सोनू दुबे, नौशाद आलम, रीता कुमारी, अनिल कुमार पासवान, कृष्ण कुमार मिश्र, श्याम बिहारी यादव, कुंज बिहारी प्रसाद, मुस्ताक अंसारी व अन्य लोग उपस्थित थे।

### अपने 116वें स्थापना दिवस पर बैंक ऑफ बड़ौदा ने बाल गृह के बच्चों को दी वाशिंग मशीन



**बक्सर।** गुरूवार को बैंक आफॅ बड़ौदा के 116 वे स्थापना दिवस समारोह के मौके पर बैंक प्रबंधन द्वारा गायत्री नगर स्थित बाल गृह के बच्चों को समाजिक सारोकार के तहत वाशिंग मशीन उपहार में दिया गया। इस मौके पर शाखा प्रबंधक संजीव कुमार ने कहा कि इस दिन बैंक अपने सामाजिक सरोकार के रिश्तों को मजबूत करने में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेता है। बाल गृह के बच्चों की खुशी में बैंक की यह एक छोटी पहल है। इससे पूर्व भी कई कूलर दिया गया है। इस मौके पर बच्चों के बीच मिष्ठान का वितरण भी किया गया। समारोह में बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष मदन सिंह, सदस्य डा शशांक शेखर नवीन कुमार, खजांची इन्द्रजीत कुमार, रविरंजन, मो तुफैल, संतोष पान्डेय, निर्भय कुमार के अलावे गृह की अधीक्षीका रेवती कुमारी, अमित मिश्र, बाल कल्याण पदाधिकारी शाहिद अली आदि मौजूद थे।






### अष्ट शहीद के पौत्र, शवों का अंतिम संस्कार करने वाले सहित दस कर्मवीर हुए सम्मानित

# भारत को आदर्श देश बनाने के लिए हमें खुद आदर्श व्यक्ति बनना पड़ेगा : मोहन भागवत

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

संघ प्रमुख मोहन भागवत ने जिले के शहीद परिवार के परिजनों, समाजसेवियों को सम्-?मानित किया। सम्-?मानित होने वालों में परमवीर चक्र विजेता वीर अब्दुल हमीद के पुत्र जैनुल बसर, महावीर चक्र विजेता स्व. रामउग्रह पांडेय की पुत्री सुनीता पांडेय, स्वतंत्रता सेनानी स्व. जीतन पांडेय के पुत्र मिश्री पांडेय, अलगू यादव के परिवार से रामप्रसाद यादव, शहीद संजय यादव की पत्नी राधिका यादव, अष्टशहीद वशिष्ठ राय के पौत्र अंकुर राय, जिले में लावरिस शवों की अंत्येष्टि करने वाले वीरेन्द्र सिंह, पर्यावरणविद रणधीर यादव तथा शैक्षणिक कार्य करने वाली उषा बनवासी शामिल रहे। इस मौके पर कई लोगों ने संघ प्रमुख को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

सिद्धपीठ हथियाराम मठ पर सर संघ चालक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ डॉ. मोहनराव भागवत ने शिव संकल्प संवाद को संबोधित करते हुए कहा कि भारत देश को आदर्श देश बनाने के लिए हमें खुद आदर्श व्यक्ति बनना पड़ेगा। तभी एक आदर्श देश बन सकता है। हम अपना हित बलिदान कर देश का हित सोचेंगे तब जाकर देश बड़ा बनेगा। उक्त बातें गाजीपुर स्थित सिद्धपीठ हथियाराम मठ पर अपने प्रवास के दौरान सभा को संबोधित करते हुए डॉ. भागवत ने कहा। उन्होंने भारत माता को प्रत्यक्ष चिन्मई जगदंबा बताते हुए कहा कि हमने कभी अपने योग, ज्ञान व ध्यान का पेमेंट नहीं कराया। दुनिया को वह सारी सुविधाएं हमने निःशुल्क दी है। जिससे विश्व को सुख प्राप्त हो सके। हम दुनिया के सुख के दाता बनें। त्वदीय वस्तु गोविंदम का भाव लेकर समभाव के लिए सामाजिक समरसता के लिए काम किया। अनुसंधान से सत्य व संसाधन का विकास हुआ।





कार्यक्रम का संचालन डॉ. संतोष यादव ह्लब्लाक प्रमुखह्न ने किया। कार्यक्रम में देवरहा बाबा बिरनो, डॉ. रत्नाकर त्रिपाठी, संघ के प्रांत प्रचारक रमेश जी, विधान परिषद सदस्य विशाल सिंह चंचल, जिला पंचायत अध्यक्ष सपना सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष भानू प्रताप सिंह, सादात ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि संतोष यादव, डॉ. संतोष मिश्र, पंकज सिंह, प्रवीण सिंह, अच्छेलाल गुप्ता, सरोज कुशवाहा, विपिन सिंह, संकठा प्रसाद मिश्र, रामचंद्र, मुनीश, राजेन्द्र, मुरली पाल, राकेश, सच्चिदानंद, शिवनारायण, पुजारी सर्वेश मिश्रा, लौटू प्रसाद, डॉ. अमिता दूबे, डॉ. सानंद सिंह, हरिश्चंद्र सिंह, सहित अनेक गणमान्यजन व कन्या कॉलेज की छात्राएं व समस्त स्टाफ तथा मठ से जुड़े अनेक शिष्यगण उपस्थित रहे।

### यह सिद्धपीठ ध्यान साधना का केन्द्र, यहां परोपकार के कार्य होते हैं

संघ प्रमुख मोहन भागवत ने कहा कि व्यक्ति को संतुष्टि के बाद बैराग व बैराग के बाद भगवान की प्राप्ति होती है। अध्यात्म हमें जीवन जीना सिखाता है। उन्होंने कहा कि मनुष्य के जीवन में शील व धैर्य काफी बड़ी भूमिका निभाते हैं। धैर्य होने के चलते समुद्र मंथन में असुरों ने मदिरापान किया। वहीं देवताओं ने धैर्य का पालन किया। जिन्हें अमृत की प्राप्ति हुई। कहा कि एकांत सुदूर में स्थित यह सिद्धपीठ ध्यान साधना का केन्द्र है। यहां परोपकार के कार्य होते हैं। मठ मंदिरों के समृद्ध रहने से ही हमारा वैभव बढ़ता है। मैं सिद्धपीठ को प्रणाम करता हूं, जहां इस तरह के कार्य संचालित होते हैं। अपना देश साक्षात भारत माता का मंदिर है। शिव की आराधना से ही जगदंबा की शक्ति प्राप्त हो जाती है। माता-पिता के साथ कोई संकोच नहीं करना चाहिए। उनसे अपनी सभी बात साझा करना चाहिए। सरसंघचालक डॉ. मोहनराव भागवत का स्वागत करते हुए महामंडलेश्वर स्वामी भवानीनंदन यति जी महाराज ने कहा कि राष्ट्र निर्माण में महती भूमिका निभाने वाले संगठन के मुखिया किसी संत से कम नहीं हैं। आपके यहां आगमन से सिद्धपीठ अपने आपको गौरवान्वित महसूस करता है।

### संघ प्रमुख ने सिद्धपीठ हथियाराम मठ के नवग्रह वाटिका में किया वृक्षारोपण

गाजीपुर। आरएसएस के सरसंघचालक मोहन भागवत ने सिद्धपीठ हथियाराम मठ पर अपने प्रवास के दौरान गुरुवार की सुबह संत निवास परिसर के बगीचे में वैदिक मन्त्रोच्चार के बीच नवग्रह वाटिका की स्थापना के क्रम में पौधारोपण किया। इससे पूर्व वह बैटरी वाले टोटो गाड़ी में सवार होकर पीठाधिपति महामंडलेश्वर स्वामी भवानीनन्दन यति जी महाराज के साथ निवर्तमान संतों के तपोस्थली स्थल पर पहुंचे। यहां नव ग्रहों के अनुसार मान्यता वाले अक्षय वट, श्वेत-लाल चंदन, मौलश्री, रुद्राक्ष आदि के पौधों का रोपण किए। यहां से वापस लौटकर बुढ़िया माता का दर्शन किए। उन्होंने बैडपार्टी व शहनाई वाले लोगों के साथ कतार में खड़ा होकर फोटो खिंचवाने के साथ ही उन्हें पुरस्कृत भी किया। अंत में महाराजश्री से विदा लेकर मिर्जापुर के लिए रवाना हो गए। कार्यक्रम के सफल समापन पर पीठाधिपति ने सभी स्वयंसेवकों तथा आयोजन में विशेष रूप से योगदान देने वाले सादात के ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि संतोष यादव और उनकी पूरी टीम को अन्गवस्त्रम आदि से सम्मानित किया। जिलाधिकारी आर्यका अखौरी एवं एसपी ओमवीर सिंह को आशीर्वाद स्वरुप बुढ़िया माता का चुनरी प्रसाद प्रदान किया।

## एक नजर

### गाजीपुर में सर्विलांस सेल की बड़ी कार्रवाई, 86 मोबाइल सेट बरामद

**गाजीपुर।** पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर गुमशुदा मोबाइल की बरामदगी के लिए चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत सर्विलांस सेल द्वारा गुमशुदा मोबाइल के संबंध में प्राप्त प्रार्थना पत्रों पर बड़ी कार्रवाई करते हुए 86 कीमती मोबाइल फोन मंगलवार को बरामद कर मोबाइल स्वामियों को दिया गया। उक्त बरामद मोबाइलों की अनुमानित कीमत लगभग 25 लाख रुपये है। मोबाइल पाने वाले आवेदकों ने अपार प्रसन्नता व्यक्त करते हुए एसपी और सर्विलास सेल टीम का धन्यवाद किया। गुमशुदा मोबाइल फोन बरामद मे उ0नि0 रामाश्रय राय प्रभारी स्वाट टीम, प्रमारी सर्विलांस सेल क्राईम ब्रान्च, संजय कुमार पटेल सर्विलांस सेल, क्राइम ब्रान्च, संजय सिंह, राजावत सर्विलांस सेल का ब्रांच, संजय प्रसाद सर्विलांस सेल क्राईम ब्रांच, दिनेश कुमार सर्विलांस सेल क्राईम ब्रान्च, सूरज सिंह सर्विलांस सेल क्राईम ब्रान्च, विकास श्रीवास्तव सर्विलांस सेल क्राईम ब्रान्च, विनय यादव स्वाट टीम क्राइम ब्रांच, शैलेन्द्र यादव क्राइम ब्रान्च, सुजीत सिंह स्वाट टीम क्राइम ब्रान्च, आशुतोष सिंह स्वाट टीम क्राइम ब्रांच, चन्द्रमणि त्रिपाठी स्वाट टीम क्राईम ब्रांच, अजय प्रसाद स्वाट टीम क्राईम ब्रान्च, जय सिंह स्वाट टीम क्राईम ब्रांच, राजेश कुमार स्वाट टीम क्राईम ब्रान्च और प्रमोद कुमार स्वाट टीम क्राईम ब्रान्च अहम भूमिका रही।



### छात्रों की संख्या बढ़ाने के लिए अभियान शुरू

**गाजीपुर।** रेवतीपुर ब्लाक अंतर्गत सोनवल गांव में बृहस्पतिवार को प्राथमिक विद्यालय के अध्यापकों द्वारा स्कूलों में छात्रों की शत- प्रतिशत उपस्थिति व नामांकन बढ़ाए जाने के लिए घर -घर संपर्क कर अभिभावकों छात्रों को जागरूक कर हर रोज स्कूल आने के लिए प्रेरित किया। साथ ही उन्हें सरकारी योजनाओं के बारे में भी जानकारी मुहैया कराई। नए सत्र में स्कूल को खुले हुए काफी दिन हो गये। मगर परिषदीय स्कूलों में छात्रों की उपस्थिति एवं नामांकन कम होने से चिंतित शासन एवं बेसिक शिक्षा विभाग ने निर्देश दिया कि हर रोज हर घर सम्पर्क कर इसके प्रति जागरूकता चलाया जाए। ताकि लोगों का रूझान परिषदीय विद्यालय की ओर हो सके । इस दौरान प्रधानाध्यापिका डेजी शर्मा एवं उनकी टीम ने हरेक अभिभावकों व बच्चों का नाम ,मोबाइल नंम्बर आदि रजिस्टर में अंकित किया ।प्रधानाध्यापिका ने बताया कि विद्यालय के सवार्गीण विकास एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को लेकर अभिभावकों एवं उनके बच्चों के साथ विचारों का आदान प्रदान किया गया। उन्होंने कहा कि शासन व विभाग के द्वारा कई मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है। मालूम हो कि पिछले दिनों महकमें के उच्चाधिकारियों के द्वारा ब्लाक क्षेत्र के कई स्कूलों का निरीक्षण किया गया,जिसमें छात्रों की उपस्थिति महज पच्चास फीसदी ही पाई ग ई थी,जिसके बाद छात्रों व अभिभावकों को जागरूक करने के लिए अभियान चलाने निर्देश दिया गया था।

### अभी से बाढ़ आपदा मित्रों ने शुरू की तैयारी

**गाजीपुर।** बाढ़, आपदा एवं अन्य आपातकालीन स्थिति में जनपदवासियों एवं जानवरों को सुरक्षित कैसे बचाया जाए इसके लिए मॉक ड्रिल कर जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में बाढ़ आपदा मित्रों सहित पुलिस एवं राजस्व कर्मियों ने अभ्यास किया। जमानियां तहसील क्षेत्र के देवा बैरनपुर में बाढ़ से घिरे ग्रामीणों तथा पशुओं को कैसे बचाया जाए इसके लिए बाढ़ आपदा मित्रों ने गुरुवार से तैयारियां शुरू कर दी गई। साथ ही बाढ़ से घिरे आस -पास के ग्रामीणों को जानकारी दी। इस दौरान आपदा मित्र अभ्यास करते हुए देवा बैरनपुर गंगा नदी में डूब रहे किशोर व पशुओं को कैसे बचाने व उसके उपरान्त बरती जाने वाली सावधानी, सांप काटने पर प्राथमिक उपचार आदि की विस्तृत जानकारी दी।

## दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट के मामले में आरोपी हुआ बरी

**बलिया।** दुष्कर्म के मामले में सुनवाई करते हुए अपर सत्र न्यायाधीश पाक्सो एक्ट हरिश्चन्द की अदालत ने आरोपी के खिलाफ दोष साबित नहीं होने पर दोषमुक्त करार दिया है। पाक्सो कोर्ट ने इस मामले में कराए गए डीएनए टेस्ट को आधार माना है। आरोपी का डीएनए मिलान कराने पर आरोप की पुष्टि नहीं हो सकी है। लिहाजा संदेह का लाभ देते हुए आरोपी को बाईज्जत बड़ी करने का आदेश दिया है। यह मामला भीमपुरा थाना क्षेत्र के एक गांव का है।

अभियोजन के मुताबिक भीमपुरा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़िता ने थाने में 15 जून 2016 को तहरीर देकर दुष्कर्म का आरोप लगाया था। जिसमे पीड़िता का आरोप था वह नाबालिग है, आरोपी सोनू विश्वकर्मा ने उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया। जिससे वह छह माह की गर्भवती हो गयी है । इस मामले में पुलिस ने भादवि की धारा 376 व पाक्सो एक्ट की धारा 3/4 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया। विवेचना के उपरांत कोर्ट में चार्ज शीट भेज दिया। कोर्ट ने सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट के आदेश पर कराये गए डीएनए टेस्ट को आधार मानते हुए आरोपी सोनू विश्वकर्मा के विरुद्ध दोष साबित करने अभियोजन के विफल रहने पर संदेह का लाभ देते हुए बाइज्जत बरी करने का आदेश दिया है।

### दहेज हत्यारोपी पति, सास व ससुर गिरफ्तार

**बलिया।** फेफना थाना पुलिस ने दहेज हत्या के तीन अभियुक्तों को खोरीपाकड़ टैक्सी स्टैण्ड के पास गुरुवार की दोपहर गिरफ्तार कर लिया। तीनों अभियुक्तों का नाम मुन्ना वर्मा पुत्र स्व विश्वनाथ वर्मा निवासी सागरपाली, धनजी वर्मा पुत्र मुन्ना वर्मा निवासी सागरपाली व मन्जू वर्मा पत्नी मुन्ना वर्मा निवासी सागरपाली है। पुलिस ने तीनों अभियुक्तों को संबंधित धाराओं में न्यायालय चालान कर दिया है। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि बीते दिनों एक विवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया था, इस मामले में मृतिका के पिता की तहरीर पर फेफना थाना पुलिस ने पति, सास व ससुर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया था।

## पीस कमेटी के सदस्यों से लिए गए फीडबैक

**केटी न्यूज/बलिया**

आगामी मुहर्रम त्योहार को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए जिलाधिकारी रवीन्द्र कुमार की अध्यक्षता में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक गुरूवार को कलेक्ट्रेट सभागार में हुई। इसमें प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों के अलावा जिले भर से आए पीस कमेटी के सदस्यों से जरूरी फीडबैक लिये गये। जिलाधिकारी ने कहा कि शांति व सौहार्द्रपूर्ण माहौल में त्योहार को मनाना है। इस बात का विशेष ख्याल रखना होगा कि उत्साह में कहीं भी कानून का उल्लंघन नहीं हो। पहले से चली आ रही परम्परा के अनुरूप ही ताजिया निकलेगी।



कहीं भी परम्परा से हटकर कुछ भी नहीं होगा। उन्होंने कहा कि जहां से ताजिया निकलनी है और जहां दफन होना है, ऐसे सभी स्थल चिन्हित किये जा चुके हैं। ताजिया के रास्तों में सुगमता का पूरा ख्याल रखा गया है। उन्होंने कहा कि विद्युत सम्बन्धी समस्याओं का निराकरण बिजली विभाग के सम्बन्धित अभियंता व जेई की विशेष जिम्मेदारी है। इसलिए यह सुनिश्चित कराएं कि ताजिया के रास्ते में कही भी ढ़ीले-ढाले तार न हो। नगर निकाय के अधिकारी साफ-सफाई की व्यवस्था को दुरूस्त रखेंगे। बैठक में सदस्यों ने जो छोटी-मोटी समस्याएं बताई, उनका समाधान तत्परता से कराने का निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिया।

पुलिस अधीक्षक एस. आनन्द ने कहा कि सभी थानों पर पीस कमेटी की बैठक कर ली गयी है। स्थानीय स्तर पर प्राप्त सभी समस्याओं का समाधान कर सभी व्यवस्था दुरूस्त किया जा चुका है। उन्होंने खुशा जाहिर करते हुए कहा कि जनपद बलिया भाईचारे का एक अनूठा उदाहरण है, जो आगे भी कायम रहेगा।

### सरयू में डूबे दो बालकों का नहीं मिला सुराग, तलाश जारी

**बलिया।** बांसडीह थाना क्षेत्र के सुल्तानपुर गांव के सामने सरयू नदी के तट पर बुधवार की सायं नदी में स्नान के दौरान डूबे हुए दो बालकों का गुरूवार को भी कुछ पता नहीं चल पाया। वाराणसी से आयी एनडीआरएफ की टीम सरय के बाढ़ के पानी में दोनों बालकों की खोजबीन कर रही हैं। उधर नदी में स्थानीय गोताखोरों की एक टीम भी मोटरयुक्त नाव से पानी में खोजबीन कर रही थी। तट पर भारी संख्या में जुटे ग्रामीण बालकों को नदी के किनारे भी खोजने का प्रयास कर रहें हैं। गांव के टोलापुर मुहल्ला निवासी मंहथ यादव का 11 वर्षीय पुत्र विकास यादव तथा विश्वकर्मा राजभर का पुत्र 10 वर्षीय रवि राजभर बाढ़ के पानी में स्नान के दौरान डूब गये थे। एनडीआरएफ अपनी नाव में सेफ जैकेट के साथ बालकों को खोजने का प्रयास कर रही है। ग्रामीणों ने भी बालकों को अपनी मोटरनाव से चांदपुर घाट तक नदी में खोजने का प्रयास किया लेकिन सफलता नहीं मिला।

## पर्यावरण के लिए पौधरोपण व पौधों की सुरक्षा आज की सबसे बड़ी जरूरत : जिपं अध्यक्ष

**केटी न्यूज/बलिया**

जिला पंचायत बोर्ड की बैठक जिला पंचायत अध्यक्ष आनन्द चौधरी की अध्यक्षता में आचार्य नरेन्द्र देव सभागार में गुरूवार को हुई। इसमें वृक्षारोपण अभियान वर्ष 2023-24 की कार्ययोजना का अनुमोदन सभी सदस्यों की सर्वसम्मति के बाद किया गया। बैठक में कई अधिकारी अनुपस्थित थे, जिनका स्पष्टीकरण तलब किया गया। जिले को प्रदूषण मुक्त बनाने एवं पंर्यावरण संतुलन के लिए कराये जा रहे वृक्षारोपण लक्ष्य को पूरा करने के उद्देश्य से हुई इस बैठक में अध्यक्ष श्री चौधरी ने कहा कि मानव जीवन को बचाने के लिए पेड़ों को लगाना और उनका संरक्षण आज की सबसे बड़ी जरूरतों में एक बन गयी है। इसलिए 22 जुलाई को महाभियान में सभी जिपं सदस्य भी अपनी सक्रिय सहभागिता दर्ज कराते हुए इस पुनीत कार्य में भागीदार बनें। उन्होंने वन विभाग व जिला पंचायत के अधिकारी को निर्देश दिया कि आपस में समन्वय बनाकर यह सुनिश्चित कराएं कि जहां-जहां पौधरोपण होना हैं, वहां समय से पौधा पहुंच जाए।



**महायज्ञ में सबको देनी होगी आहुति :** विधायक बांसडीह केतकी सिंह ने कहा कि हमारी धरा हरी-भरी हो, इस महायज्ञ में हम सबको आहूति देनी होगी। हम सब यह संकल्प लें कि पर्यावरण को सुरक्षित रखेंगे। पौधे लगाने के साथ उनको जीवित रखने का भी पूरा ख्याल रखेंगे। इसके अलावा पानी के दोहन को भी रोकने के लिए लोगों को जागरूक करने पर बल दिया। सिकंदरपुर के विधायक जियाउद्दीन रिजवी ने भी सरकार के इस महाभियान में उत्साह के साथ प्रतिभाग करने का संदेश दिया।

### बाढ़ से निपटने को किया गया अभ्यास, बचाव की दी गयी जानकारी

# लोगों ने सीखा स्वयं के साथ पशुओं का ख्याल रखने का गुर

**केटी न्यूज/बलिया**

नदियों में बढ़ रहे जलस्तर को देखते हुए जिला प्रशासन अभी से अलर्ट मोड पर आ गया है। जिलाधिकारी रवीन्द्र कुमार के निर्देश पर गुरूवार को गंगा नदी के उजियार घाट पर बाढ़ के दौरान किसी भी प्रकार की आपदा से निपटने के लिए एनडीआरएफ के जवानों ने मॉक ड्रिल (मूक अभ्यास) किया। इसमें बाढ से दौरान किसी के डूबने पर बचाव कार्य तथा पानी से घिरे गांवों से लोगों को निकालने का अभ्यास किया गया। इसके अलावा वहां आयोजत गोष्ठी में बाढ़ प्रभावित इलाकों में दवा वितरण या कीटनाशक दवाओं का छिड़काव करने से लेकर लोगों के स्वास्थ्य व पशुओं का भी ख्याल रखने के तरीकों के बारे में बताया गया।



जिला आपदा विशेषज्ञ पीयूष कुमार सिंह ने बाढ़ के दौरान क्या करें और क्या न करें, इसके बारे में लोगों को विस्तार से बताया। उन्होंने बताया कि बाढ़ में किसी प्रकार की घटना होने के बाद किस तरह तत्परता से कार्यवाही करनी है। इस मॉक ड्रिल में सुबह 9 बजे इमरजेंसी आपरेशन सेंटर (ईओसी) को उजियार में गंगा नदी में जलस्तर बढ़ने व गांव के मैरूण्ड की सूचना मिलती है। इस पर तत्काल एडीएम व एसडीएम सदर के अलावा वायरलेस से पुलिस कन्ट्रोल रूम को सूचित किया गया। एनडीआरएफ, स्वास्थ्य विभाग, पुलिस, विकास, पशुपालन विभाग के अधिकारियों को फोन किया गया। एनडीआरएफ टीम भी तत्परता से कैंप से निकलकर घटनास्थल तक पहुंचती है और 9:25 बजे तक, यानि 25 मिनट के अन्दर बाढ में फंसे व्यक्तियों को बाहर निकालकर बाढ राहत केंद्र तक लाती है।

**नदी के बीचोबीच सोए रहे आधे घंटे तक :** इसके अलावा मॉक ड्रिल में डूबते व्यक्ति को कैसे बचाया जाए, इसका भी अभ्यास कर लोगों को दिखाया गया। इस अभ्यास में आपदा मित्र धर्मेंद्र कुमार ने नदी के बीच लगभग आधे घंटे तक सोये रहने का करतब दिखाया, जिसकी सराहना वहाँ मौजूद हर किसी ने की। सर्पदंश से पीड़ित व्यक्ति को एंबुलेंस से ग्रीन कॉरीडोर बनाकर सीएचसी तक ले जाना, गर्भवती महिला का सुरक्षित प्रसव कराया जाना, डूबे व्यक्ति की शव की तलाश करना, पशुओं को सुरक्षित पशु शिविर तक ले जाना तथा उनका उपचार कराने का भी अभ्यास किया गया।



# प्रेशर हॉर्न और बाइक के साइलेंसर की तेज आवाज बढ़ा रहा ध्वनि प्रदूषण

♦ वाहन चालकों की मनमानी से राहगीरों और दुकानदारों को हो रही रही परेशानी, प्रशासन नहीं करता कार्रवाई



**केटी न्यूज/डुमरांव**

बसों में प्रेशर हॉर्न के साथ-साथ दोपहिया वाहनों में मोडिफाइड साइलेंसर लगाकर पटाखे फोड़ने, गोली चलने और धमाका होने जैसी आवाज निकाली जा रही है। तेज आवाज का साइलेंसर और वाहनों के प्रेशर हॉर्न इन दिनों शहरवासियों के लिए सिरदर्द बन गया है। युवा दोपहिया वाहनों में तेज आवाज वाले साइलेंसर लगाकर शहर की सड़कों में बेधड़क तेजी से वाहन दौड़ा रहे हैं लेकिन ऐसे वाहन चालकों पर कार्रवाई नहीं होने से मनमानी बढ़ती जा रही है। इसके कारण ध्वनि प्रदूषण भी बढ़ रहा है। युवा वर्ग दोपहिया वाहनों में मोडिफाई करवाकर तेज आवाज निकालने वाले नये साइलेंसर लगवा रहे हैं। इसके कारण कई बार पीछे से तेज आवाज आने से राहगीर डर जाते हैं। तेज ध्वनि के साथ फायर की आवाज निकलती है। बाइक की एक्सीलेटर बढ़ाकर गलियों में भी ध्वनि प्रदूषण की जा रही है, जिसके कारण बच्चों, बुजुर्गों, दिल की बीमारी वाले मरीजों को ज्यादा परेशानी होती है। बावजूद पुलिस ऐसे लोगों पर कार्रवाई नहीं कर रही है। प्रेशर हॉन के कारण राहगीरों के साथ-साथ दुकानदारों को भी परेशान होना पड़ रहा है।

## सुप्रीम कोर्ट के आदेश की हो रही अवहेलना

जानकारों की माने तो शहर में प्रेशर हार्न के कारण सबसे ज्यादा मरीज और छात्र परेशान है। आज शहर के हर मुख्य मार्ग पर बड़े-बड़े वाहन और बाइक में इसका उपयोग हो रहा है। मरीज के परिजन इस मामले में शिकायत भी नहीं कर पाते, क्योंकि प्रेशर हार्न का उपयोग करने वाले कहीं भी गाड़ी ले जाकर इसका उपयोग कर रहे है। केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्रालय ने हॉर्न के शोर को 100 डेसीबल से कम करने का सुझाव दिया था। विशेषज्ञों का कहना है कि 8 घंटे तक 93 डीबी से अधिक ध्वनि के संपर्क में रहने पर कानों की सुनने की क्षमता को नुकसान हो सकता है। ध्वनि सीमा के लिए बाकायदा कानून भी है लेकिन लोग इसकी परवाह नहीं करते। वाहनों के हॉर्न से निकलने वाली आवाज 100 से 150 डेसीबल तक पहुंच जाती है। नियमों के मुताबिक रिहायशी इलाके में दिन में ध्वनि स्तर 55 डेसीबल और रात में 45 डेसीबल होना चाहिए। स्कूलों और अस्पतालों के आसपास 100 मीटर के दायरे में प्रेशर और कान फाडू हार्न न बजाने पर पहले से ही सुप्रीम कोर्ट की पाबंदी है। इसके बाद भी नियमों को ताक पर रखकर यहां प्रेशर हॉर्न वाली गाड़ियां शहर में दौड़ रही हैं। इस मामले में थानाध्यक्ष बिंदेश्वर राम ने कहा कि ध्वनि प्रदूषण वाली मोटरसाइकिलों का चलन इन दिनों शहर में बढ़ गया है। स्थानीय लोगों से भी इसकी शिकायत मिली है। ऐसे वाहन चालकों के खिलाफ जल्द कार्रवाई की जायेगी।

# नप की सरकार बदली, पर नहीं सुधरी सफाई व्यवस्था



**केटी न्यूज/डुमरांव**

शहर की नयी सरकार आने के बाद भी अब तक व्यवस्था में बदलाव नहीं आया। शहर के गलियों व सड़को पर कूड़े-कचरे का ढेर लगा है। निमेज टोला के सेंट्रल नाला पर नालियों का कचरा इस तरह बिखरा है कि उसके सड़ांध से बदबू निकलने लगी है। राहगीर इस रास्ते आने-जाने से परहेज कर रहे है। नगर परिषद प्रशासन शहर की सफाई व्यवस्था में हर दिन एक लाख से अधिक राशि खर्च करती है बावजूद शहर की गंदगी का मर्ज दिनों-दिन बढ़ता जा रहा है। नप द्वारा शहर की सफाई व्यवस्था का बागडोर एनजीओ के जिम्मे सौंपा गया ताकि स्वच्छ डुमरांव-सुंदर डुमरांव की स्थिति पहले से बेहतर हो सके। इसके लिए सफाई योजना पर नप प्रशासन हर रोज एक लाख से अधिक की राशि वहन करता है फिर भी शहर की गंदगी के स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ। सफाई व्यवस्था केवल सड़को तक ही सिमट तक रह गयी है।

शहर के कई वार्डों में लोगों को डोर-टू-डोर योजना का लाभ नहीं मिल रहा है। एनजीओ की लापरवाही और नप प्रशासन की उदासीनता से शहर के कई मोहल्ले व टोले की हालत बेहद खराब बन गये है। ऐसी स्थिति में लोगों का आक्रोश नप के प्रति उबाल मार रहा है। हालांकि पिछली बार शहरी निकायों के प्रदर्शन में डुमरांव नप का रैंकिंग अच्छा नही रहा। इसके मेंटेनेंस और कार्य प्रणाली को लेकर नप ने एनजीओ के जिम्मे लगाया है ताकि एनजीओ अपने सफाईकर्मियों के बूते शहर को स्वच्छ बनाने में अपनी भूमिका ईमानदारी पूर्वक निभाये।

## लापरवाही पर होगी कार्रवाई : ईओ

डुमरांव नप ईओ अनिरुद्ध कुमार ने कहा कि निमेज टोला के सेंट्रल नाला पर नाली के कचरा का उठाव नहीं किये जाने की बात सामने आयी है। इसकी तत्काल सफाई कराने का निर्देश दिया गया है। सफाई कार्य मे लापरवाही बरतने पर कार्रवाई की जायेगी।

खिरौली, टेक्सटाइल कॉलोनी, चाणक्यपुरी कॉलोनी सहित कई अन्य मोहल्ले के लोग नालियों के गंदे पानी से गुजरकर लोग अपने घरों को पहुंचते है। नप द्वारा शहर के बिगड़ते हालात पर कोई कदम नही उठाये जाने से लोगों के बीच आक्रोश पनप रहा है। सड़को पर गंदे पानी का बहाव और गंदगी के कारण डेंगू, मलेरिया, टाइफाइड, डायरिया आदि की आशंका बढ़ गयी है। नाला-नाली जाम होने से मच्छरों का प्रकोप भी लोगों को मुश्किलों में डाल दिया है। शहर के दर्जनों नालियों को आज भी स्लेप से नहीं ढंका गया, जो आये दिन दुर्घटना को दावत देता है।

कई मोहल्लों के सड़क और गलियों में गंदे जल के बहाव से महिलाओं और बच्चों को काफी परेशानी उठानी पड़ती है। नाली के पानी से हुए जलजमाव के कारण बाजार जाना संभव नहीं होता। महिला शोभा देवी, उमा देवी, चांदनी कुमारी, रोशनी व पूनम ने बताया कि पुरुष नौकरी पेशे से जुड़े है। घर पर जरूरत की सामानों की खरीदारी करने बाजार में जाना पड़ता है लेकिन गंदगी और जलजमाव के कारण घर से निकलना मुश्किल हो गया है।

# वाहन चालकों के लिए परेशानी बनीं सड़क किनारे की झाड़ियां



**केटी न्यूज/केसठ**

केसठ से परमहडीह होते हुए एनएच 319 से जोड़ने वाली सड़क किनारे विलायती बबूल तथा जंगली पौधों की घनी झाड़ियां उग आई है। जो आने जाने वालों के लिए परेशानी का सबब बनी हुई हैं। वाहन से चलने वालों को परेशानी होती ही है, पैदल राहगीरों को भी दिक्कत का सामना करना पड़ता है। वहीं दुघर्टना का अंदेशा भी रहता है।

समस्या गंभीर होने के बावजूद इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। विलायती बबूल का जंगल सड़क किनारे खड़ा है। पेड़ों की डालियां व लताएं सड़क तक आ गई हैं। जिससे आने जाने वालों को परेशानी होती है। मोड़ पर कुछ दिखाई ही नहीं देता है। जिससे वाहनों के टकराने की संभावना भी बनी रहती है। कंटीली झाड़ियों से लोग अक्सर जख्मी भी हो जाते हैं। कई वर्षों से सड़क किनारे लगे विलायती बबूलों की छटांई नहीं कराई गई है, जो विस्तृत रूप से फैल चुके हैं। अगर इन झाड़ियों को साफ नहीं कराया गया तो कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है। वाहन चालकों की माने तो इस सड़क पर रात्रि में वाहन चलाने में काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है, झाड़ी होने की वजह से दोनों तरफ की नहर भी दिखाई नहीं देती है। वही कुछ सालो की आंकड़ों की माने तो झाड़ियों की आड़ में कितनी बार दिनदहाड़े छिनतई भी हो चुकी है। घनी झाड़ियों के कारण दिन में भी लोगो भयभीत होकर चलते है। वही जंगली जानवर भी सड़क के एक तरफ से दूसरे तरफ आचानक आ जाते है, जिससे दर्जनों बार वाहन चालक चोटिल हो चुके हैं।

## प्रगतिशील किसान मिथिलेश के कृषि फॉर्म का डीएम ने किया निरीक्षण

# किसान पारंपरिक के साथ-साथ अब आधुनिक तरीके से करें खेती : डीएम

**केटी न्यूज/राजपुर**



प्रखंड के प्रगतिशील किसान मिथिलेश पासवान के कृषि फार्म हाउस पर गुरुवार को पहुंचे डीएम अंशुल अग्रवाल ने कृषि योजनाओं का निरीक्षण किया। सरकार के तरफ से संचालित सभी कृषि योजनाओं का लाभ किसानों को मिले इसके लिए इन्होंने इसका जायजा लिया। फार्म हाउस में समेकित कृषि प्रणाली के तहत लगभग 90 लाख की लागत से विभिन्न योजनाओं को धरातल पर उतारा गया है। जिसमें अनाज गोदाम, मुर्गी फार्म, हेचरी फार्म हाउस, मत्स्य पालन, सघन बागवानी मिशन, बकरी पालन, आधुनिक खेती एवं इसकी खेती में उपयोग होने वाले विभिन्न यंत्रों के बारे में भी डीएम ने जानकारी प्राप्त किया।

उन्होंने किसानों को जानकारी देते हुए कहा कि पारंपरिक खेती के साथ किसानों को अब आधुनिक खेती करने की जरूरत है। बदलते समय के साथ वर्ष भर में हम कई प्रकार की खेती कर सकते हैं। जिसके लिए किसान समेकित कृषि प्रणाली को अपनाकर आर्थिक उन्नति कर सकते हैं। जिले के रॉल मॉडल किसान मिथिलेश पासवान ने जिस प्रकार से अपने लगभग नौ एकड़ क्षेत्र में इन सारी व्यवस्थाओं को व्यवस्थित कर खेती करने की परंपरा शुरू की है। इससे अन्य किसानों को भी सीख लेने की जरूरत है। जो किसान कृषि एवं बागवानी मिशन के तहत कृषि प्रणाली को अपनाएंगे उन्हें सरकार के तरफ से मिलने वाली सभी योजनाओं का लाभ दिया जाएगा। कृषि विभाग के तरफ से अन्य प्रखंडों के किसानों को जो पाठशाला में जानकारी दी जाती है। उन्हें इस फार्म हाउस का भ्रमण कराकर दिखाने की भी जरूरत है। मुर्गी एवं बकरी पालन के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुए उन्होंने इनके रखरखाव के बारे में भी जायजा लिया।

किसान मिथिलेश पासवान ने बताया कि मुर्गी का बीमा नहीं हुआ है। यह योजना किसानों के लिए घाटे का सौदा हो सकता है। डीएम ने मौके पर मौजूद पशुपालन पदाधिकारी को निर्देश दिया कि शीघ्र ही इसकी बीमा होनी चाहिए। अन्य विभाग के कर्मियों को भी दिशा निर्देश देते हुए कहा कि आधुनिक खेती करने वाले किसानों को हर तरह से मदद करने की जरूरत है। जिला सहायक उद्यान निदेशक किरण भारती ने कहा कि बागवानी मिशन के तहत बागवानी करने के लिए किसान आवेदन कर सकते हैं।






## जल जीवन मिशन के तहत जनपद स्तरीय जन जागरूकता कार्यशाला का हुआ आयोजन

# धरा को हरा बनाने का लें संकल्प: केतकी सिंह

**केटी न्यूज/बलिया**



जल जीवन मिशन के अन्तर्गत जनपद स्तरीय जन जागरूकता कार्यशाला का आयोजन गुरूवार को कलेक्ट्रेट सभागार में हुआ। इसका शुभारम्भ मुख्य अतिथि विधायक बांसडीह केतकी सिंह, विधायक सिकंदरपुर जियाउद्दीन रिजवी, विधायक बैरिया जयप्रकाश अंचल व जिलाधिकारी रवीन्द्र कुमार ने संयुक्त रूप से किया। कार्यशाला में व्यवहार परिवर्तन कर पानी के दोहन को रोकने के तरीकों के बारे में बताया गया।

मुख्य अतिथि विधायक केतकी सिंह ने कहा कि वृक्ष व जल हमारे मानव जीवन के लिए बहुत जरूरी है। इसलिए धरा को हरा बनाने का संकल्प हम सबको लेना होगा। हमारी अगली पीढ़ी को पानी व शुद्ध वातावरण प्रचुर मात्रा में मिल सके, इसके लिए हमें पानी का दोहन रोकना होगा और अधिक से अधिक पौधे लगाने ही होंगे। पश्चिमी सभ्यता अपनाकर मानव अपना इतना

■ **व्यवहार परिवर्तन कर पानी के दोहन को रोकने व पौधे लगाने को किया गया जागरूक**

नुकसान कर रहा है कि सम्पूर्ण जीवन खतरे की ओर जा रहा है। ऐसे में इस तरह का जागरूकता कार्यक्रम गांव-गांव में कराया जाना जरूरी है। विशेष निर्देश दिया कि जिन गांवों में पानी की टंकी बन गयी है और चालू नहीं हैं, इन पर विशेष प्रयास कर चालू कराया जाए।

### अब आर्सेनिक से बैरिया को मिलेगी मुक्ति

**बलिया।** विधायक जयप्रकाश अंचल ने कहा कि सरकार की यह योजना बहुत ही अच्छी योजना है। इसका संचालन बेहतर ढंग से करने की आवश्यकता है। बैरिया क्षेत्र आर्सेनिक से बुरी तरह प्रभावित है, लिहाजा उस क्षेत्र में मिशन से जुड़े अधिकारियों को विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। विधायक जियाउद्दीन रिजवी ने भी योजना की सराहना करते हुए कहा कि शद्ध पेयजल से तमाम बीमारियों से निजात पायी जा सकती है। इसलिए शद्ध पेयजल के बारे में जागरूक करने के लिए छोटी-छोटी कार्यशाला ग्राम व ब्लॉक स्तर पर भी होनी चाहिए। कार्यशाला में जिलाधिकारी रवीन्द्र कुमार ने कार्यशाला में आए सभी अतिथियों के प्रति आभार जताते हुए मिशन की ओर से शुद्ध पेयजल के लिए किये जा रहे प्रयासों को बताया। इसी क्रम में जिलाधिकारी ने कहा कि नल से जल योजना के लिए हमने 800 ग्राम पंचायतों में 1 सप्ताह के अंदर जमीन की व्यवस्था करवाई । यदि हमें आगामी पीढ़ी के लिए जल बचाना है तो इसकी शुरूआत हमें अपने घर से करनी पड़ेगी। इसके लिए सब्जी धोने ,हाथ धोने और कपड़ा धोने से लेकर अन्य कामों में उपयोग होने वाले पानी का सावधानी पूर्वक उपयोग करना होगा। और गांव में लगने वाले नल की गुणवत्ता लोगों को खुद देखनी होगी जिससे काम की गुणवत्ता अच्छी हो सके।एसपी एस.आनन्द, डीडीओ राजितराम मिश्र सहित आंगनबाड़ी विभाग, विकास विभाग के अधिकारी व अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

# असामाजिक तत्वों पर मोहर्रम के दौरान रहेगी विशेष नजर: एसडीएम

**केटी न्यूज/चंदौली**



परम्परा से हट कर कोई नया कार्य नहीं किया जाएगा। न ही कोई प्रतिबंधित अस्त्र शस्त्र आदि का प्रदर्शन किया जाएगा। उक्त बातें शान्ति समिति की बैठक में उप जिलाधिकारी सकलडीहा मनोज कुमार पाठक ने कही। उन्होंने कहा कि सभी ताजिया अपने निर्धारित मार्ग से ही जायेगी। कोई नया मार्ग नहीं अपनाया जाएगा।

मौके पर मौजूद विद्युत विभाग के अवर अभियंता को निर्देशित करते हुए उन्होंने कहा कि जिस जिस गांव में ताजिया निकल रहा है, वहां लटके तारों को दुरूस्त कर दें। ताकि कोई समस्या न उत्पन्न हो। क्षेत्राधिकारी सकलडीहा राजेश कुमार राय ने कहा कि पुलिस के साथ साथ प्रत्येक ताजियादार अपने अपने गांव से दस दस लोगों की सूची पुलिस को उपलब्ध करा दें। इन लोगों की जिम्मेदारी होगी की पुलिस के साथ साथ ये लोग ताजिया की हिफाजत करेंगे, ताकि अराजक तत्व जो ऐसे मौके का फायदा उठाते हैं। अपने मकसद में कामयाब न हों। पुराने वीडियो आदि को शेयर न करें, इस तरह की अगर कोई समस्या आती है तो तत्काल पुलिस को सूचित करें, ताकि अमन,चमन कायम रहे। संचालन प्रभारी निरीक्षक धीना सत्येन्द्र कुमार ने की। इस दौरान वकील अहमद, मो आशिक, अलाउद्दीन, मो नसीम, वकीलुर्रहमान, नौशाद आलम, समीद सलमानी, सलीम सिद्दीकी, तसौवर अली, मैनुद्दीन अंसारी, मो दिलशेर, सुदामा जायसवाल, दया यादव, मो हमीद सहित काफी संख्या में ताजियादार, गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।






# बुजुर्गों के लिए हमेशा के लिए खुला हुआ है न्यायालय का दरवाजा : अपर न्यायाधीश

**केटी न्यूज/मऊ**



नगर पंचायत मुहम्मदाबाद गोहना कस्बे के मोहल्ला जमीन बरामदपुर में स्थित वृद्धाश्रम का गुरुवार को अपर न्यायाधीश मऊ सह जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अभिनव कुमार मिश्रा ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सभी वृद्धजनों की बारी बारी से समस्या सुनी और उनके समाधान हेतु आश्रम के प्रबंधक को निर्देश भी दिए। उन्होंने वृद्धा आश्रम के निरीक्षण में रसोईघर, शययान कक्ष, कूलर फ्रिज, टीवी आदि का जायजा लिया। इस दौरान जनपद से आए चिकित्सकों द्वारा कुछ वृद्धों के आंखों की जांच की गई। साथ ही, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव ने पाया कि वृद्धाश्रम में पंजीकृत 115 में से 98 वृद्ध उपस्थित रहे। जिनकी समस्याओं के निदान हेतु समस्याएं सुनी गई।

उन्होंने आश्रम के सभी लोगों को बताया कि वृद्धों की सेवा करना सबसे बड़ा कर्तव्य है। ऐसे बुजुर्गों के लिए न्यायालय का दरवाजा हमेशा के लिए खुला हुआ है। जहां पर वृद्धजनों को न्याय दिया जाता है। निरीक्षण के अंत में आश्रम के प्रबंधक को सचिव ने निर्देश दिया कि इन सभी समस्याओं का एक पत्र समाज कल्याण विभाग को भेज दें। इस अवसर पर चंद्र प्रकाश तिवारी, आश्रम के प्रबंधक लछीराम प्रसाद, कीर्तिमान पंकज, वार्डन धर्मदेव, बबलू आदि लोग उपस्थित रहे।

# मातमी दस्तों ने पेश की करबला की कहानी दीन के साथ दुनियां के इल्म पर भी जोर

**केटी न्यूज/चंदौली**

मुहम्मद साहब के नवासे इमाम हुसैन की शहादत और करबला की कहानी आज के दौर में और ज्यादा प्रासंगिक हो गई है। करबला में इमाम ने यजीदी फौज के खिलाफ खड़े होकर संदेश दिया की जुल्म को जितना सहोगे जालिम उतना ही अधिक शक्तिशाली होगा। मुहर्रम की पहला मजलिस अजाखाना-ए-रजा में खिताब फरमाते हुए प्रयागराज के प्रसद्धि मौलाना हसन अली नजफी ने ये बातें कहीं। उन्होंने कहा कि इमाम हुसैन की लड़ाई कोई मजहबी लड़ाई नहीं थी। यजीद अपने झूठ और फरेब को सच कहलाना चाहता था लेकिन इमाम ने उसके झूठ को सच कहने से इनकार कर दिया और बादशाह के आगे घुटने नहीं टेके। बुराई का ताप चाहे जितना भी अधिक हो लेकिन सच को पिघला नहीं सकता।

माहे मुहर्रम की पहली तारीख को नगर के अजाखाना-ए-रजा में दुलहीपुर, ऐंलहीं, सिकंदरपुर से आई अंजुमनों ने अपने मसायबी नौहों के जरिए इमाम हुसैन के बलिदान को याद किया। बड़ों के साथ-साथ छोटे-छोटे बच्चों ने भी मातमी धुन पर इमाम हुसैन उनकी बहन जैनब और भाई हजरत अब्बास की मुसीबतों का मंजर पेश किया। अंजुमन ने नौहे के जरिए न सर्फि कर्बला की कहानी पेश की गई बल्कि आम जनमानस से सच्चाई की राह पर चलने और आतंकवाद के खिलाफ खड़ा होने का संदेश भी दिया गया। मौलाना हसन अली नजफी ने कहा कि दीन और धर्म के साथ साथ हर किसी को दुनिया के इल्म पर भी जोर देना चाहिए।

# ट्रांसफार्मर जल जाने से आक्रोशित ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

**चंदौली।** सदर विकासखंड के पड़या गांव में ट्रांसफार्मर जल जाने के कारण ग्रामीणों ने धरना प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने कहा कि गर्मी होने के कारण हम सभी का जीना दुश्वार हो गया है। पूरा गांव अंधेरे के जद में है। ग्रामीणों ने कहा कि मुख्यमंत्री के आदेशों का पालन जनपद में कोसों दूर है। बिजली विभाग के अधिकारियों को कितनी बार लिखित व मौखिक सूचना देने के बाद भी बिजली नही दी जा रही है। अधिकारीयों द्वारा ग्रामीणों के बिजली के समस्या को अनदेखा किया जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि बिजली विभाग के अधिकारी मौन धारण किए हुए है। इस पर तत्काल अमल नहीं किया गया था आगे का आंदोलन उग्र होगा इसके लिए पूरी जानकारी बिजली विभाग की होगी। इस दौरान संतराज यादव, नंदू मौर्य, अलगू यादव, लालवंशी यादव, शुद्धू यादव, गुड्डू यादव, कमलेश्वर सिंह, बिंदु मौर्य, धीरज यादव, राजेश यादव, त्रिपुरारी सिंह, मुरारी यादव मौजूद रहे।

# एसी न चलने से नाराज हावड़ा जोधपुर एक्सप्रेस के यात्रियों ने किया हंगामा

**केटी न्यूज/पीडीडीयू नगर (चंदौली)**

जोधपुर से हावड़ा जा रही जोधपुर एक्सप्रेस के एसी कोच का एसी न चलने से नाराज यात्रियों ने मंगलवार की रात पीडीडीयू जंक्शन पर खूब हंगामा किया। यात्रियों ने आरोप लगाया कि आगरा से एसी खराब है। 12 घंटे में ट्रेन पीडीडीयू जंक्शन पहुंच गई लेकिन एसी ठीक नहीं हुई। ऐसे में हम लोगों का पैसा वापस कराया जाए। चेतावनी दी कि पैसा वापस न मिलने पर ट्रेन आगे नहीं जाने दी जाएगी। बाद में मैकेनिकल स्टाफ ने एसी को ठीक किया। वहीं आरपीएफ ने समझाया कि ट्रेन चलने पर एसी पूरी तरह ठीक से काम करेगा। इसके बाद यात्री शांत हुए और ट्रेन आगे के लिए रवाना हुई।



डाउन जोधपुर एक्सप्रेस अपने निर्धारित समय से ढाई घंटे की देरी से मंगलवार की रात नौ बजे स्थानीय रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या दो पर पहुंची। ट्रेन के बी-वन के यात्रियों ने एसी न चलने की शिकायत की।

इस पर स्टेशन पर तैनात एसी मैकेनिकल कर्मी योगेन्द्र शर्मा पहुंचे और ऐसी को ठीक किया। हालांकि एसी कम कुलिंग कर रहा था। इस बीच सिग्नल होने पर ट्रेन खुल गई। इससे नाराज यात्रियों ने चेन पुलिंग कर ट्रेन रोक दिया और हो हल्ला करने लगे। यात्रियों ने आरोप लगाया कि आगरा में ही एसी खराब हो गया था। इसकी शिकायत ऑन ड्यूटी टीटीई और एसी मैकेनिकल स्टाफ से की गई लेकिन एसी ठीक नहीं किया गया। कानपुर और प्रयागराज में भी शिकायत की गई लेकिन एसी ठीक नहीं हुई। कहा कि 12 घंटे से अधिक समय से एसी न चलने से कोच में बैठना मुश्किल हो गया है। उमस भरी गर्मी में लोग बीमार होने लगे हैं। यात्रियों ने कहा कि जब एसी नही चल रही है तो इसका पैसा क्यों लिया जा रहा है। हमारे टिकट का पैसा वापस किया जाए। मौके पर आरपीएफ डीडीयू पोस्ट के अधिकारी और जवान पहुंचे। यात्रियों को समझाया गया कि ट्रेन चलने पर एसी काम करने लगेगा। काफी समझाने बुझाने पर यात्री शांत हुए। इसके बाद ट्रेन आगे के लिए रवाना हुई। हंगामा के कारण आधा घंटा तक ट्रेन प्लेटफार्म पर खड़ी रही।






## महिलाओं के हित संरक्षण कानून सम्बंधी विषयक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन

# अधिकारों व हित संरक्षण के प्रावधानों से अवगत हुईं महिलाएं

**केटी न्यूज/मऊ**



राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं राष्ट्रीय महिला आयोग के संयुक्त तत्वावधान में माननीय राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के दिशानिर्देशानुसार माननीय जनपद न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष रामेश्वर के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, द्वारा महिलाओं के हित संरक्षण कानून सम्बंधी विषयक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन आज तहसील मुहम्मदाबाद गोहना, मऊ के सभागार में अपर जनपद न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अभिनय कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में किया गया। महिलाओं के हित संरक्षण हेतु आयोजित प्रशिक्षण शिविर के माध्यम से अभिनय कुमार मिश्रा सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिरकरण ने रानीपुर एवं मुहम्मदाबाद गोहना से उपस्थित महिलाओं को महिलाओं से संबंधित हितो के लिए सर्वोत्तम दृष्टिकोण अपनाते हुए समुचित देखरेख संरक्षा, विकास, उपचार तथा पीड़ित क्षतिपूर्ति योजना महिलों के कल्याण एवं विधिक अधिकार के प्राप्ति हेतु राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा उपलब्ध विधिक सहायता सम्बन्धी सेवाओं से लाभान्वित किय जाने के बावत विस्तार पूर्वक जानकारी दी।

जिला चिकित्सालय मऊ से उपस्थित महिला चिकित्साधिकारी डॉ. सरोज बी. प्रसाद एवं डॉ. इन्दूरानी अग्रवाल ने उपस्थित महिलाओं को सर्वाइल कैंसर के लक्षण, उपाय तथा बचाव एवं 18 वर्ष की बालिकाओं को आवश्यक रूप से टीकाकरण कराये जाने के प्रति जागरुक करते हुए महिलाओं का प्राथमिक स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। उपजिलाधिकारी मुहम्मदाबाद गोहना हेमंत कुमार चौधरी एवं तहसीलदार राहुल गुप्ता ने महिलाओं एवं बालिकाओं हेतु सरकार द्वारा संचालित सुरक्षा एवं कल्याण योजानाओं से लाभान्वित किये जाने के बावत आवश्यक विधिक प्रक्रिया की जानकारी प्रदान कर उपस्थित महिलाओं को प्रशिक्षण प्रदान किया।

थाना प्रभारी महिला थाना कंचन मौर्या ने महिलाओं के समस्याओं के समाधान हेतु पुलिस प्रशासन एवं गुड टच बैड टच के प्रति सचेत किया, आत्मरक्षा के गुर सीखाये व महिला हेल्प लाइन 1090 एवं माननीय मुख्यमंत्री हेल्प लाइन 1076 द्वारा सेवाओं के उपयोग के लिए जागरुक किया।